मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर जी" के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555 9695416555

# मवई का आरएस हॉस्पिटल हुआ सील

## सीएमओ ने दिया था कार्रवाई का आदेश, एक सप्ताह पूर्व बच्चेदानी के ऑपरेशन के बाद हुई थी महिला की मौत



आरएस हॉस्पिटल को सील करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

पटरंगा, अयोध्या

**अमृत विचार :** मवई ब्लॉक रोड पर दुल्लापुर मोड़ के पास संचालित आरएस हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर बुधवार को सील कर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया के अस्पताल को सील करने के आदेश जारी करते ही एसीएमओ डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव दल-बल के साथ मौके पर पहुंच गए। खबर लिखे जाने तक सीलिंग की कार्रवाई की जा रही थी।

मवई थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित आर एस हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर पर बीते दिनों एक महिला की बच्चेदानी के ऑपरेशन के बाद हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित की गई, जिसमें एडिशनल सीएमओ डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, डिप्टी सीएमओ डॉ. पीके गुप्ता और सीएचसी मवई अधीक्षक डॉ. मदन बरनवाल ने अस्पताल में जांच की थी। जांच में खुलासा हुआ था कि अस्पताल का स्वास्थ्य विभाग में कोई वैध पंजीकरण नहीं है। अस्पताल का उद्घाटन 1 जनवरी 2026 को किया गया था। एडिशनल सीएमओ डॉ. आशुतोष ने बुधवार शाम बताया कि आर एस हॉस्पिटल एंड सर्जिकल सेंटर को सील करने की कार्रवाई की जा रही है। मैं मौके पर हूं। संबंधित थाने की फोर्स भी बुलवा ली है ताकि किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं हो।

### चिकित्सक समेत चार से मांगा स्पष्टीकरण

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में लावारिस मरीज को भर्ती करने में आनाकानी करना महंगा पड़ गया। अस्पताल प्रशासन ने चिकित्सक समेत चार स्टाफ से स्पष्टीकरण तलब किया है। समाजसेवी प्रदीप यादव मंगलवार सुबह एक लावारिस मरीज को भर्ती कराने के लिए पहुंचे थे। इमरजेंसी ओपीडी में स्टाफ ने मरीज को भर्ती लेने से मना कर दिया था। इसके बाद प्रदीप वहीं धरने पर बैठ गए थे। विवाद बढ़ता देख मौके पर पुलिस तैनात हो गई थी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने मामले को शांत कराते हुए मरीज को भर्ती कराया था। मामले में प्रभारी सीएमएस डॉ. राजेश सिंह ने स्पष्टीकरण तलब किया है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि मौके पर मौजूद डॉ. पंकज वर्मा, फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव व दो वार्ड बॉय को नोटिस देकर तीन दिन में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। उनसे पूछा गया है कि ऐसी क्या स्थिति बनी कि मरीज को भर्ती करने से इनकार कर दिया गया।

# क्रय अधिकारी पद से क्यों हटाया, क्या मुझमें नहीं है “प्रतिभा”

- एसोसिएट प्रोफेसर. डॉ. अवधेश ने पद से हटाने पर स्वास्थ्य मंत्री से की शिकायत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में प्रशासनिक उलटफेर किए जाने के बाद कम्युनिटी मेडिसिन के एसोसिएट प्रो. डॉ. अवधेश कुमार ने कार्यवाहक प्राचार्य के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने क्रय अधिकारी पद से हटाए जाने का कारण पूछते हुए स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है। डॉ. अवधेश का पत्र सोशल मीडिया पर आते ही संकाय सदस्यों में खलबली है।

स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक को संबोधित पत्र में डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि उन्हें चार फरवरी को क्रय अधिकारी पद पर नियुक्त किया गया था, लेकिन मात्र 10 दिन के बाद 14 फरवरी को बिना किसी पूर्व सूचना अथवा कारण बताए इस पद से हटा दिया गया। मेरे स्थान पर कम्युनिटी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा गुप्ता को नियुक्त कर दिया गया। पद से हटाए जाने की इस आकस्मिक कार्रवाई से मैं अत्यंत चिंतित हूं। हमारी मांग है कि इस निर्णय का वैध व प्रामाणिक कारण तीन कार्य दिवस के भीतर लिखित रूप में उपलब्ध कराया जाए।

मुझे आशंका है कि कहीं यह निर्णय मेरी दिव्यांगता, मेरे अनुसूचित जाति वर्ग के अंतर्गत आने अथवा पद के लिए मेरी कथित अनुपयुक्तता के आधार पर तो नहीं लिया गया। डॉ. अवधेश ने अमृत विचार से बात करते हुए बताया कि इससे पहले मेरे पास और भी चार्ज हुआ करते थे। कभी इस तरह से चार्ज नहीं लिया गया। क्या मुझमें प्रतिभा नहीं है। डॉ. अवधेश ने इस संबंध में प्राचार्य को मेल भी की है। इसके साथ ही डीजी हेल्थ, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य और अनुसूचित जाति/जनजाति आयुक्त को भी पत्र की कॉपी भेजी है।

इस संबंध में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया का कहना है कि डॉ. अवधेश की तबीयत खराब चल रही है। इसी कारण उनकी जगह डॉ. प्रतिभा को क्रय अधिकारी बनाया गया है।

# मेडिकल कॉलेज में दो में से एक द्वार बंद, परेशानी



मेडिकल कॉलेज में बंद गेट व साइड से निकलते लोग। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में मरीजों के लिए छह माह से दो नंबर गेट पर ताला लटक रहा है। आने-जाने के लिए एक गेट ही खोल रखा है। उस पर ज्यादा ट्रैफिक रहता है। इससे मरीज व तीमारदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मेडिकल कॉलेज में पहला गेट निर्माणाधीन ट्रॉमा सेंटर के पास है, जबकि दूसरा गेट ओवरब्रिज के पास बना हुआ है। पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने छह माह पहले इस गेट को बंद करने का फरमान जारी कर दिया था। उनके जाने के बाद नवागत प्रभारी प्राचार्य डॉ दिनेश सिंह मर्तोलिया भी इस गेट को खोलने का कोई निर्णय नहीं ले सके हैं।

मेडिकल कॉलेज से दवा लेने के लिए बाहर निकले पूराबाजार के अर्जुन ने बताया कि उनका मरीज पुरानी बिल्डिंग में भर्ती है। बंद गेट के बगल खुली छोटी एंट्री से बचते बचाते हुए निकले हैं। बाहर पूरी मंडी है। सड़क पर चलने की जगह नहीं है। गेट नंबर एक की तरफ से आने जाने में डर लगता है। प्रिया ने बताया कि उनकी दीदी भर्ती हैं। एक गेट न जाने क्यों बंद कर दिया है। इतना बड़ा संस्थान है। कम से कम दो जगह से आने जाने की सुविधा तो होनी ही चाहिए। सआदतगंज से आए आलोक ने बताया कि यहां पार्किंग नहीं है।

### गेट के अंदर और बाहर खड़े रहते वाहन

ओवरब्रिज के पास बने गेट के बगल से एक छोटे गेट से प्रवेश दिया गया है, लेकिन इतनी व्यस्ततम जगह पर वह प्रवेश नाकाफी साबित होता है। दो नम्बर गेट बंद किए जाने के बाद से यहां अंदर की ओर अब मोटरसाइकिल खड़ी होने लगी है। रास्ता जाम सा रहता है। वहीं बाहर की ओर ई-रिक्शा और ऑटो वालों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे पैदल चलना भी दुश्वार हो जाता है।

> उधर से ई-रिक्शा वाले अंदर आ जाते हैं। कबाड़ के रूप में लोहे के सामान रखे हैं। सोच रहा हूं कि पहले पार्किंग और ट्रॉमा के सामने पार्क बनवा दूं। इसके बाद मिट्टी डलवा कर पटाई कराना है। यही सोचा है कि एक गेट से एंट्री रखी जाए और दूसरे से बाहर जाने का रास्ता रहे।
>
> –डॉ. दिनेश सिंह मर्तोलिया, कार्यवाहक प्राचार्य।

## न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृक्षों में लगी आग

**बीकापुर, अयोध्या :** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर जोहन विजैयानपुर में सरकारी भूमि पर लगे वृक्षों में संदिग्ध हालात में आग लगाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि आग जान-बूझकर लगाई गई, जिससे कई वर्ष पुराने पेड़ झुलस गए और नुकसान हुआ। सूचना पर पहुंची पीआरबी पुलिस ने आग पर काबू पाने में सहयोग किया। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### कार व ई-रिक्शा चालक में मारपीट

**अयोध्या, अमृत विचार :** साकेत डिग्री कॉलेज के पास पेट्रोल पंप पर सीएनजी भरवाने को लेकर बुधवार शाम हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। आरोप है कि कार चालक ने ई-रिक्शा चालक पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में ई-रिक्शा चालक के गर्दन और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कोतवाल पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रिक्शा चालक से तहरीर ली जा रही है। तहरीर मिलने के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### लाठी चार्ज के विरोध में कांग्रेस का धरना आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ में विधानसभा घेराव के दौरान लाठी चार्ज के विरोध में कांग्रेस आज 19 फरवरी को धरना-प्रदर्शन करेगी। प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया दोपहर 12 बजे गांधी पार्क सिविल लाइन में जिला एवं शहर कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। इसकी तैयारी कर ली गयी है।

# प्रायोगिक व मौखिक परीक्षा की अंतिम तिथि बढ़ाई गई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विवि ने एनईपी से आच्छादित वर्ष-2026 की स्नातक (प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) तथा परास्नातक (प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर) की प्रायोगिक एवं मौखिकी परीक्षाओं को सम्पन्न कराये जाने की तिथि बढ़ाई गई है। अब संबंध महाविद्यालय एवं आवासीय परिसर के पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक एवं मौखिकी परीक्षा 25 फरवरी तक आनलॉइन पोर्टल से सम्पन्न करा सकेंगे। इससे पहले विवि द्वारा 12 फरवरी तिथि निर्धारित की गई थी। कुलसचिव व परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर छात्र हित को देखते हुए स्नातक (तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर) तथा उक्त (तृतीय सेमेस्टर) में नामित परीक्षकों के माध्यम से ही स्नातक, परास्नातक (प्रथम परास्नातक सेमेस्टर) मेजर, माइनर विषयों की प्रायोगिक - मौखिकी परीक्षाएं सम्पन्न कराते हुए अंक समर्थ पोर्टल पर अपलोड कराया जायेगा। सभी संबद्ध महाविद्यालयों को जारी दिशा निर्देश के क्रम में प्रायोगिक - मौखिकी परीक्षाएं सम्पन्न कराते हुए छात्र/ छात्राओं के अंक निर्धारित अन्तिम तिथि तक विवि के ईआरपी - समर्थ पोर्टल पर अपलोड कराना सनिश्चित करें।

# आरएमसी प्लांट धारक की शर्त हटे

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम में टेंडर प्रक्रिया को लेकर एक बार फिर विवाद खड़ा हो गया है। वार्ड नंबर 52 लक्ष्मण घाट की सपा पार्षद प्रिया शुक्ला ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर आरएमसी से जुड़े कार्यों में एग्रीमेंट होल्डरों को भी शामिल करने की मांग की है। पार्षद ने लिखा है कि पुनरुद्धार योजना से निकली सड़कों में 40 लाख से अधिक के कार्यों में आरएमसी प्लांट धारक का होना आवश्यक दर्शाया गया है। इन टेंडरों में आरएमसी प्लांट धारक की शर्त हटाकर एग्रीमेंट होल्डरों को भी सम्मिलित किया जाए, जिससे ज्यादा से ज्यादा कार्य करने को इच्छुक ठेकेदारों को आमंत्रण आ सके। इससे नगर निगम को फायदा होगा।

# हमारा आंगन, हमारे बच्चे कार्यक्रम संपन्न

अयोध्या कार्यालय



डाभासेमर स्टेडियम में कार्यकत्री को सम्मानित करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कंपोजिट विद्यालय डाभासेमर में बुधवार को जिलास्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होने उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के 60 कार्यकर्ताओं को प्रमाणपत्र, अंगवस्त्र व शील्ड देकर सम्मानित किया।

महापौर ने कहा कि बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने के लिए उत्सव का आयोजन होना महत्वपूर्ण है। कहा कि नगर निगम की ओर से 70 आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कराया जा रहा है। इसमें बेहतर शिक्षा मुहैया कराने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहता है। बीएसए लाल चन्द्र ने कहा कि बच्चों की वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए सरकार की ओर से विविध कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। जिला समन्वयक प्रशिक्षण आदर्श सिंह ने कहा किजनसमुदाय को निपुण भारत की अवधारणा से अवगत कराना ही हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का मुख्य उद्देश्य है। सम्मानित होने वालों में विकासखंड के नोडल शिक्षक, शिक्षक संकुल शिक्षामित्र, बाल विकास पुष्टाहार विभाग से सुपरवाइजर व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहीं। संचालन सदक ए हुसैन ने किया। कार्यक्रम में नोडल एसआरजी मनीष रस्तोगी, एसआरजी अमित कुमार मिश्रा, डायट प्रवक्ता डॉ. ऋषि कुमार, ज्ञानेंद्र सिंह, खंड शिक्षाधिकारी रामसुयस वर्मा, शैलेंद्र कुमार, एआरपी सारिका चौधरी, सृष्टि तिवारी, शालिनी पांडेय आदि मौजूद रहीं।



जिले के खिलाड़ियों को सम्मानित करते मंडलायुक्त राजेश कुमार। अमृत विचार

# पदक विजेता खिलाड़ी सम्मानित

**अयोध्या, अमृत विचार:** वर्ल्ड मास्टर्स शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के दो खिलाड़ियों डॉ. डीआर भुवन व अंतरराष्ट्रीय कोच दीपक दुबे को बुधवार को मंडलायुक्त राजेश कुमार ने अपने कार्यालय में सम्मानित किया। दोनों खिलाड़ियों ने अबू धाबी में आयोजित वर्ल्ड मास्टर्स गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर दो पदक जीत कर देश, प्रदेश व जनपद का गौरव बढ़ाया था। इस प्रतियोगिता में विश्व भर से हजारों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

मंडलायुक्त ने कहा कि यह जिले के लिए गौरव का विषय है कि यहां के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। इस मौके पर जैनुलाब्दीन खान, डॉ. अजय सिंह, दीपांशु दुबे सहित खिलाड़ी व गणमान्य मौजूद रहे।

# नदी में किसी भी दशा में न जाने पाए नालों का गंदा पानी: सीडीओ

- बैठक में की गई नदी, पर्यावरण और पौधरोपण पर चर्चा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति और जिला वृक्षारोपण समिति की कलेक्ट्रेट सभागार में संयुक्त बैठक की। उन्होंने कहा की नालों का गंदा पानी किसी भी दशा में नदियों में प्रवाहित नहीं होना चाहिए।

कहा कि पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत प्लास्टिक उन्मूलन, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता, जैव-अपशिष्ट के वैज्ञानिक निस्तारण और जन जागरूकता कार्यक्रमों को ग्राम स्तर तक संचालित कराएं। विद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं नगर निकायों को अभियान से जोड़ते हुए जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों को रोपित पौधों के संरक्षण, जियो-टैगिंग एवं सर्वाइवल रेट बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के लिए कहा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि काम में लापरवाही किसी भी कीमत पर सहन नहीं की जायेगी। लापरवाह अधिकारी के खिलाफ कारईवाई की जायेगी। सीडीओ ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण एवं हरित क्षेत्र विस्तार शासन की प्राथमिकता है। इसलिए इस पर सभी लोगों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बैठक में डीएफओ प्रखर गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कथा में शामिल हो सकते हैं सीएम योगी और सीएम देवेंद्र

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या में पहली बार ग्रंथ राज ज्ञानेश्वरी की सात दिवसीय कथा गुरुवार से तीर्थ क्षेत्रपुरम में प्रारंभ हो रही है। इसका उद्घाटन श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय करेंगे। कथावाचक तुंगेश्वर पर्वत महाराष्ट्र के बाल योगी सदानंद महाराज के मुखारविंद से संपन्न होगा। महाराष्ट्र से पहुंची ट्रस्टी डॉ. ज्योति दीपक ठाकरे ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित कई राजनीतिक हस्तियां भी शामिल हो सकती हैं। कहा कि बाल योगी श्री सदानंद महाराज ज्ञानेश्वरी पारायण महोत्सव समिति, अखिल वारकरी समाज महाराष्ट्र परशुराम कुंड तुंगेश्वर पर्वत के संयुक्त तत्वाधान में इस आयोजन को किया जाना है। कहा कि मुख्यमंत्री के आने की तिथि और समय अभी फाइनल नहीं हुआ है। इस दौरान अध्यक्ष गुरुनाथ भोईर, सचिव भास्कर भोईर, ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी केदारनाथ महतो मौजूद रहे।



फीता काटकर शिविर का उद्घाटन करते श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा।

### नेत्र व ईएनटी चिकित्सा शिविर का आयोजन

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** गोसाईगंज नगर के पश्चिमी छोर पर स्थित एक मैरिज लॉन में एकदिवसीय निशुल्क नेत्र एवं नाक-कान-गला (ईएनटी) चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने फीता काटकर किया। उन्होंने जनहित में कराए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। शिविर में ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार ने लगभग 36 मरीजों के नाक-कान-गला संबंधी रोगों की जांच की। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय कुमार ने 24 से अधिक लोगों की आंखों की जांच कर परामर्श दिया। सीएचसी गोसाईगंज के चिकित्सा प्रभारी डॉ. आरके राणा, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद गौतम एवं फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार वर्मा ने भी सहयोग किया। कार्यक्रम में रामसागर वर्मा, पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद्र जायसवाल, अधिशासी अधिकारी सीमा राय सहित आदि मौजूद रहे।

**हालात** | जिले में कई स्थान किए गए चिंहित, नहीं बन पाई बात, औद्योगिक आस्तान के लिए सरकार ने भी की पहल

# नए इंडस्ट्रियल एरिया के अभाव में प्रभावित औद्योगिकीकरण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित न होने के कारण नए उद्योग नहीं लग पा रहे हैं। जिले में कई स्थान इसके लिए चिहिंत किए गए लेकिन बात नहीं बन पाई। लगभग दो साल बीत गए। जबकि दो साल पहले आयोजित किए गए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान ही यह बात सामने आई थी कि नए उद्योग स्थापित करने वालों ने जमीन मिलने की उम्मीद के मद्देनजर ही एमओयू साइन किया।

प्रदेश में उद्योगों की रफ्तार तेज करने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ी संख्या में एमओयू साइन कराए थे। अयोध्या में भी लगभग एक लाख करोड़ निवेश के एमओयू साइन किए जाने की बात बताई गई थी। बाद में इनकी छंटाई भी की गई। बड़ी संख्या में एमओयू साइन करने वाले पीछे हट गए, ज्यादातर होटल इंडस्ट्री वालों ने काम शुरू कराया। अयोध्या में बड़ी संख्या में होटल संचालित हो रहे हैं या फिर निर्माणाधीन है। लेकिन लघु एवं मध्यम उद्योग स्थापित करने वाले या फिर उद्योगों को विस्तार देने वालों ज्यादातर के काम फिलहाल पटरी पर नहीं आ पाए। इसमें बड़ी बाधा जिले में इंडस्ट्रियल एरिया डेवलप न होना बताया जा रहा है। जिले में मुमताजनगर और हरीपुर जलालाबाद दो बड़े इंडस्ट्रियल एरिया स्थापित हैं। लेकिन यह संतृप्त हैं। एमओयू साइन होने के बाद उद्योग विभाग ने रुदौली और मिल्कीपुर में नए औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने का प्रयास किया। अफसरों व उद्यमियों की समिति गठित की गई। दौरे हुए लेकिन कमियों के चलते यह फाइनल नहीं हो पाए। इसके बाद अयोध्या-सुल्तानपुर की सीमा पर इंडस्ट्रियल एरिया बनाने की बात आई लेकिन परवान नहीं चढ़ पाई। उद्यमी उद्योग स्थापित करने में पीछे रह जा रहे हैं। कहते हैं कि बाहर जमीनें महंगी होने और सुविधाओं के कारण वह हाथ नहीं डाल पा रहे हैं।इंडस्ट्रियल एरिया में जमीन मिलने के साथ सुविधाएं मिलती हैं। इससे काम आसान हो जाता है। इस बावत उपायुक्त उद्योग अमरेंद्र पांडेय से बात करने की कोशिश की गई लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई।

### इस योजना से भी अब तक नहीं मिल पाया लाभ

**अयोध्या, अमृत विचार :** सरकारी औद्योगिक आस्थानों में भूमि की कमी और उद्यमियों की भूमि की मांग के मद्देनजर प्रदेश सरकार ने प्रत्येक जिले में निजी औद्योगिक पार्कों के विकास की योजना शुरू कराई। इसमें 10 से 50 एकड़ तक भूमिधारक (कंपनी/साझेदारी फर्म/एसपीजी/निवेशक) निजी औद्योगिक आस्थान विकसित कर सकता है। प्रदेश सरकार से निजी प्रवर्तक को अवस्थापना सुविधा विकसित करने के लिए 50 लाख तक की राशि एक फीसदी साधारण व्याज पर ऋण के रूप में दिए जाने की व्यवस्था है। स्टैंप शुल्क में सौ फीसदी छूट, प्रस्तावित भूमि को 12मीटर के स्थान पर कम से कम सात मीटर चौड़ी सड़क से जुड़ने का प्राविधान भी है। लेकिन प्लेज पार्क में सिर्फ ग्रीन/आरेंज कैटेगरी के उद्योगों को लागाने की अनुमति होगी। संपर्क मार्ग 12 मीटर से अधिक होने पर सभी कैटेगरी के उद्योग लगाए जा सकेंगे। प्लेज पार्क का क्षेत्रफल 15 से 50 एकड़ के बीच होगा तो राज्य सरकार प्लेज पार्क तक 2 .5 किमी सड़क निर्माण कराएगी इस योजना से भी अपेक्षित लाभ अब तक नहीं मिल पाया।

> इंडस्ट्रियल एरिया के लिए कई स्थानों को देखा गया, लेकिन चयन नहीं हो पाया। नए उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमी जमीन चाहते हैं। इससे कई के उद्योग स्थापित नहीं हो पा रहे हैं। सरकार की नई योजना से भी अब तक लाभ नहीं मिल पाया। इसका असर औद्योगिकीकरण पर जरूर पड़ रहा है।
>
> –सुरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष, आईआईए अयोध्या



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक। अमृत विचार

### सेवा के भाव से मरीजों का इलाज करें डॉक्टर : पवन

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** डॉक्टर सेवा के भाव से मरीजों का इलाज करें, क्योंकि मरीज डॉक्टर को धरती का भगवान समझता है। यह बात सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुखिया व समाजसेवी पवन जीवानी ने बुधवार को कहीं। वह टकसाल स्थित राजा हातिम धाम में भक्त प्रहलाद सेवा समिति व यूथ विंग और साई राजा हातिम चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आए डॉक्टरों को संबोधित कर रहे थे। शिविर में डॉ. शिवांश सिंह, दंद रोग विशेषज्ञ डॉ. किर्ति मदान, नैपोरोथेपी के डॉ. विजय सिंह व डॉ. सृष्टि सिंह, होम्योपैथिक के डॉ. गौरव मध्यान व फिजियोथेरेपी के डॉ. अभिषेक सिंह व डॉ. रंजन ने 440 मरिजों की जांच व उपचार किया।

## न्यूज ब्रीफ

### फायरिंग 26 को, न जाएं रेंज में

**अयोध्या, अमृत विचार :** डिवीजनल ट्रेनिंग सेंटर होमगार्डस पर प्रशिक्षणरत 50 होमगार्डस जवानों का फायरिंग अभ्यास 26 फरवरी को ईटीआर रेंज डोगरा रेजीमेंट सेन्टर अयोध्या में होना है। इस तिथि को फायरिंग रेंज के आसपास कोई जानवर/व्यक्ति न आएं, जिससे कोई अप्रिय घटना न हों। यह जानकारी डिवीजनल कमांडेंट डिवीजनल ट्रेनिंग सेंटर होमगार्ड अयोध्या ने दी ।

### मेज बनाने व कुर्सियां खरीदने की मंजूरी

**अयोध्या, अमृत विचार :** अधिवक्ता संघ का वार्षिक बजट बुधवार को सदन के पटल पर रखा गया। चर्चा के बाद दो बिंदुओं पर सहमति बनी और उसे मंजूरी दी गई। मंत्री शैलेंद्र जायसवाल ने बताया कि कचहरी स्थित आचार्य नरेंद्र देव सभागार में बड़ी मेज बनवाने और फाइबर की 200 कुर्सियां खरीदने को मंजूरी दी गई। बजट के अन्य बिंदुओं पर चर्चा के लिए गुरुवार को फिर बैठक बुलाई गई है।

### विधानसभा में उठेगा जर्जर सड़क का मुद्दा

**सोहावल, अमृत विचार :** ब्लॉक के शेखपुर जाफर गांव से होकर सीएचसी तक जाने वाले मार्ग का मुद्दा अब विधानसभा में उठ सकता है। सपा विधायक रवि मेहरोत्रा ने इस जनसमस्या को सदन में उठाने को लेकर प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है। कार्रवाई के लिए भी कहा है। शेखपुर गांव के सामाजिक कार्यकर्ता फहीम अहमद ने बताया कि आईजीआरएस पर शिकायत केबावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।अब इस जनहित के मुद्दे को विधायक तक पहुंचाया है।विधायक ने भरोसा दिलाया कि इस सड़क की बदहाली को विधानसभा में उठाया जाएगा।



पंडित हरदयराम इंटर कॉलेज में परीक्षार्थियों का स्वागत करते प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी।



जीजीआईसी में परीक्षा देकर निकलती छात्राएं। अमृत विचार



बोर्ड पर रोल नंबर चेक करती छात्राएं। अमृत विचार

# 12 कक्ष निरीक्षक गैरहाजिर, छह प्रधानाचार्यों को नोटिस

## 115 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शुरू हुई यूपी बोर्ड परीक्षा, गुलाब का फूल देकर किया परीक्षार्थियों का स्वागत, लगाया रोली-टीका

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में बुधवार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर परीक्षाएं शुरू हो गईं। जिले में कुल 115 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 79 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों, वॉइस रिकॉर्डिंग और लाइव वेबकास्टिंग के माध्यम से सघन निगरानी की गई है। मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट और फ्लाइंग स्क्वॉड की टीमें भी तैनात रहीं।

पहले दिन हिंदी हाईस्कूल एवं हिंदी/एलिमेंट्री हिंदी इंटर का पेपर हुआ। परीक्षा के दौरान 12 कक्ष निरीक्षक गैरहाजिर पाए गए, जिसके चलते संबंधित अधिकारियों ने कार्रवाई की। साथ ही छह प्रधानाचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, क्योंकि उन्होंने निरीक्षकों की अनुपस्थिति पर उचित ध्यान नहीं दिया। किसी भी केंद्र पर नकल, पेपर लीक या कोई अन्य गड़बड़ी की कोई शिकायत नहीं मिली। **इंटर में 1695 परीक्षार्थी अनुपस्थित:** इंटरमीडिएट के सामान्य हिंदी की परीक्षा के दौरान द्वितीय पाली में 1695 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 18764 पंजीकृत बालकों में 1079 व पंजीकृत 18772 बालिकाओं में 616 अनुपस्थित रहीं। कुल 37536 परीक्षार्थियों में से 35841 ही केंद्रों पर परीक्षा में सम्मिलित हुए।



पहली बार बोर्ड परीक्षा में शामिल हुई थोड़ी घबराहट थी लेकिन प्रश्न पत्र सामने आता ही घबराहट चुनौती में बदल गई, अच्छे से पेपर हल किया। **–प्रतीक्षा पांडेय**



परीक्षा अच्छी हुई। केंद्र पहुंचते समय थोड़ी सी झिझक और मन में भय था। प्रश्न पत्र अच्छा आया, देखकर भय भी दूर हो गया और पेपर अच्छा हुआ।**–आस्था दुबे।**



हिंदी का पेपर था। बहुत पढ़ा नहीं था लेकिन पेपर सरल आया और आसानी से दे दिया। थोड़ा तनाव था लेकिन परीक्षा बाद दूर हो गया।**–अपूर्वा पाठक।**



हिंदी का पेपर सरल भाषा में आया था, पहले कठिन प्रश्न पहले हल किए। पेपर देकर अच्छा लगा, आगे के विषयों को लेकर चिंता है।**–आराध्या सिंह।**



हिंदी की चिंता नहीं है माता जी हिंदी की टीचर हैं। बहुत अच्छे से हल किया और बी कॉपी भी भरी। कठिन विषय की तैयारी करनी है।**–राघवेंद्र।**



बोर्ड की पहली बार परीक्षा देने का तनाव परीक्षा केंद्र पहुंचते ही दूर हो गया। तैयारी अच्छी थी, इसलिए पेपर अच्छा हुआ।– **संदीप प्रजापति।**

### फिजिकल एजुकेशन का पेपर बच्चों को लगा आसान

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** सीबीएसई 12 वीं कक्षा का फिजिकल एजुकेशन का पेपर बच्चों को आसान लगा। समय पूर्व सारे अपेक्षित प्रश्न हल कर लिए। परीक्षा भवन से निकलते छात्र-छात्राओं के खिले चेहरे ने पेपर का हाल बता दिया।



आसान पेपर था, इसीलिए समय से पहले ही पूरा पेपर सॉल्व कर लिख दिया। अच्छा पेपर हुआ।**–शिव प्रताप सिंह।**



12वीं का मेरा पहला पेपर बहुत आसान आया था। फिजिकल एजुकेशन का पेपर सॉल्व करते हुए मजा आया। समय से पहले ही सारे प्रश्न हल हो गए।**–गरिमा सिंह।**



तैयारी पूरी थी, पेपर आसान था। पूरा पेपर ठीक से पढ़ने और लिखने के बाद दोबारा जांचा। **–प्रियांशु शर्मा।**



मेरा पेपर बहुत अच्छा गया। मैंने जितनी तैयारी की थी उस लिहाज से पेपर आसान रहा और समय रहते पूरा पेपर सॉल्व हो गया।**–अनुभव**

### इन प्रधानाचार्यों को मिला कारण बताओ नोटिस

ललिता इंटरमीडिएट कॉलेज, सीबी सिंह इंटर कॉलेज, देवा पब्लिक स्कूल, केशवदास इंटर कॉलेज, ग्रामोदय इंटर कॉलेज और शहीद इंटर कॉलेज के दो-दो शिक्षकों की ड्यूटी अन्य परीक्षा केंद्रों पर लगाई गई थी, जो पहले दिए बुधवार को गैरहाजिर रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने इन कॉलेजों के प्रबंधक और प्रधानाचार्यों को कारण बताओ नोटिस जारी की है। उन्होंने कहा कि नोटिस का जवाब न मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



केंद्रीय विद्यालय में सीबीएसई की परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी। अमृत विचार

## सीबीएसई 12 वीं फिजिकल एजुकेशन परीक्षा में 20 गैरहाजिर

अयोध्या कार्यालय

- 12 वीं की फिजिक्स व 10 वीं की मल्टीमीडिया व डाटा साइंस परीक्षा 20 को

**अमृत विचार:** सीबीएसई परीक्षा के तहत बुधवार को जिले के सभी 13 परीक्षा केन्द्रों पर फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई।

सीबीएसई के जिला को-अर्डिनेटर अजीत कुमार द्विवेदी ने बताया कि 2100 छात्र-छात्राओं ने फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा दी और 20 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। कुछ परीक्षा केन्द्रों पर फ्लाइंग स्क्वायड ने औचक निरीक्षण किया। कहीं भी कोई नकल सम्बन्धी शिकायत या सूचना नहीं मिली। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को 12 वीं की फिजिक्स विषय की और 10 वीं की मल्टीमीडिया, डाटा साइंस की परीक्षा होगी।

# सीएम से की विकास कार्यों पर चर्चा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी के विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अपने जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। विधानसभा सत्र के दौरान हुई इस मुलाकात में मुख्यमंत्री ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री से हुई भेंट के दौरान विधायक ने अयोध्या में तेजी से चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रामपथ, धर्मपथ, एयरपोर्ट विस्तार, घाटों के सौंदर्यीकरण, यातायात सुधार एवं आधारभूत संरचना से जुड़े अनेक प्रकल्प अंतिम चरण में हैं। विशेष रूप से शहर में बन रही नई सड़कों और ओवरब्रिज के शीघ्र संचालन प्रारंभ होने से जाम की समस्या में कमी आएगी। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में अयोध्या निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रही है और आने वाले समय में यह आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनेगी। मुख्यमंत्री ने भी विकास कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। विधायक ने मुख्यमंत्री को श्रीरामलला का प्रसाद भेंट कर आशीर्वाद साझा किया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सदन की पीठ से विधायक को जन्मदिन की बधाई दी, जिस पर सदन में उपस्थित सदस्यों ने मेज थपथपाकर शुभकामनाएं व्यक्त कीं।



लखनऊ में मुख्यमंत्री को बुके भेंट कर अभिवादन करते विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

## एनएसएस शिविर का हुआ समापन

**मिल्कीपुर, अयोध्या:** अमानीगंज ब्लॉक के संत भीखादास रामजस स्नातकोत्तर महाविद्यालय मोहली में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोहपूर्वक हुआ। छात्रों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लक्ष्य यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य गीत-उठे समाज के लिए उठे... प्रस्तुत कर सेवा भावना का संदेश दिया। महाविद्यालय के संस्थापक/प्रबंधक डॉ. एनसी तिवारी ने अभियानों से मिली सीख को व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सर्वेश कुमार तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 62 में से 60 मामलों में चार्जशीट हुई दाखिल

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** मिल्कीपुर सर्किल अंतर्गत आने वाले इनायत नगर, कुमारगंज एवं खण्डासा थाना क्षेत्रों में वर्ष 2025 के दौरान अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत दर्ज कुल 62 मुकदमों में से 60 मामलों की विवेचना समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अजय सिंह ने बताया कि इन मामलों में मारपीट, गाली-गलौज, छेड़छाड़ सहित अन्य आरोप शामिल हैं। शासन के निर्देशों के अनुरूप सभी मामलों को संवेदनशील श्रेणी में रखते हुए निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण जांच की गई। साक्ष्य संकलन के उपरांत आरोप प्रमाणित पाए जाने पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि दो मामलों में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध न होने के कारण नियमानुसार अंतिम रिपोर्ट न्यायालय को प्रेषित की गई है। सीओ ने आमजन से अपील की है कि जातिगत उत्पीड़न या भेदभाव से जुड़ी किसी भी घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

**श्री हरिप्रसाद महाविद्यालय फिरोजपुर मख्दूमी, रुदौली अयोध्या**

**सम्बद्ध - डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में स्ववित्तपोषित योजनांर्तगत आवश्कता है।**

**प्राचार्य** 01– स्नातक स्तर पर कला संकाय (बी०ए०) पाठ्यक्रम हेतु हिन्दी, अंग्रेजी, शिक्षा शास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, भूगोल, गृहविज्ञान, प्रत्येक विषयों में 01–01 पद प्रवक्ता की स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (बी०एस०सी०) पाठ्यक्रम हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञानगणित, जन्तु विज्ञान एंव वनस्पति विज्ञान प्रत्येक विषय मे 01–01 पद प्रवक्ताओं की।

**योग्यता एवं वेतनमान** – यू०जी०सी० एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसों के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्व प्रमाणित छाया प्रति एवं दो फोटो के साथ विद्यालय के पते पर संपर्क करें।

मो०नं० –9455911771, 7905577324 नेहा यादव, प्रबन्धक

**माँ सरस्वती महिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान, नरसिंहपुर (अटरा) कादीपुर, सुलतानपुर, उ०प्र०–228131**

**सम्बद्ध - डॉ० राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में स्ववित्तपोषित योजनांर्तगत आवश्कता है।**

प्राचार्य / विभागाध्यक्ष– 01 पद, बी०एड० प्रवक्ता 15 पद, ललित कला प्रवक्ता – 01 पद
निष्पादन कला प्रवक्ता – 01 पद, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता– 01 पद

**योग्यता एवं वेतनमान**– यू०जी०सी०, एन० सी०टी०ई० एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार– इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्व० प्रमाणित छायाप्रति एवं दो फोटो के साथ विद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

प्रबंधक, (मो०न०–995661541)

# किसानों ने उठाया बिजली व छुट्टा मवेशियों का मुद्दा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसानों ने कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में बिजली, छुट्टा मवेशियों के साथ अन्य मुद्दे उठाए। किसानों के सवाल पर विद्युत विभाग ने अवगत कराया कि 100 और 300 मीटर केबल लाइन खींचने में आने वाले व्यय और आवश्यक अभिलेखों के संबंध में नियमानुसार प्रक्रिया अपनाई जाएगी। किसानों को आवश्यक दस्तावेजों एवं व्यय मानकों की जानकारी भी प्रदान की गई। किसानों ने जिले में छुट्टा पशुओं की बढ़ती समस्या को प्रमुखता से उठाया। समाधान की मांग की। सीडीओ ने कार्रवाई का निर्देश दिया। सीडीओ सभी विभाग के अफसरों को निर्देश दिया कि किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं। प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा की जाए। बैठक में उपकृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधिशासी अभियंता नलकूप, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# चुनाव आयोग अपने दफ्तर पर लगाए भाजपा का झंडा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन को लेकर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। सपा के अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद ने 24 फरवरी को मिल्कीपुर तहसील में धरना-प्रदर्शन की घोषणा की है। उन्होंने बुधवार को एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि आयोग भाजपा का एजेंट बनकर काम कर रहा है। तंज कसते हुए कहा कि चुनाव आयोग अपने कार्यालय पर भाजपा का झंडा लगा ले।

अवधेश प्रसाद ने दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया के जरिए पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग के वोट काटे जा रहे हैं। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए मतदान के मौलिक अधिकार का हवाला देते हुए कहा कि यह लोकतंत्र पर हमला है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी चुनाव आयोग से न मिलने और पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगाया है। अवधेश प्रसाद ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के किसी बयान को उनकी निजी विचारधारा बताते हुए टिप्पणी करने से इंकार किया। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन, पूर्व जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम आदि मौजूद रहे।



सिविल लाइन स्थित एक होटल में पत्रकारों से बातचीत करते सांसद अवधेश प्रसाद व पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय। अमृत विचार

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सुलतानपुर।**

**पत्रांकः समग्र शिक्षा/के0जी0बी0वी0/40468–73/2025–26 दिनांकः 18फरवरी 2026**

**विज्ञप्ति**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सुलतानपुर के पत्रांकः समग्र शिक्षा/के0जी0बी0वी0/29406–16/2025–26 दिनांकः 20.11.2025 के क्रम में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक रिक्त पदों पर नवीन चयन हेतु प्राप्त आवेदन के अनुसार अभ्यर्थिनियों का दिनांक 23.02.2026 को काउन्सिलिंग एवं दिनांक 25.02.2026 को साक्षात्कार (केवल मुख्य रसोईयां, सहायक रसोईयां, चपरासी एवं चौकीदार पद हेतु) प्रेरणा सभागार, विकास भवन, सुलतानपुर में समय प्रातः 10:00 बजे मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में होना निर्धारित है।

अतः उक्तानुसार सम्बन्धित आवेदनकर्ता अभ्यर्थिनियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.02.2026 को काउन्सिलिंग एवं दिनांक 25.02.2026 को साक्षात्कार (केवल मुख्य रसोईयां, सहायक रसोईयां, चपरासी एवं चौकीदार पद हेतु) हेतु प्रेरणा सभागार, विकास भवन, सुलतानपुर में समय प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होकर अपना समस्त शैक्षिक मूल अभिलेखों का मिलान/काउन्सिलिंग/साक्षात्कार में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, निर्धारित तिथि में उपस्थित न होने पर यह मानते हुये कि आप उक्त हेतु इच्छुक नहीं है आपका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थिनी की स्वयं होगी।

(उपेन्द्र गुप्ता)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सुलतानपुर।

**कवायद** | एसडीएम सदर के माध्यम से निस्तारित किये जाएंगे विवाद, कैंट एरिया में रिटेनिंग वॉल के साथ बनेगा परिक्रमा पथ

# कैंट एरिया में रिटेनिंग वॉल के साथ बनेगा परिक्रमा पथ

- हटाई जाएंगी श्री विघ्नेश्वरनाथ मंदिर की इंटर प्रीटेशनवॉल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** कैंट क्षेत्र में चौदहकोसी परिक्रमा पथ का निर्माण शुरू कर दिया गया है। यहां कई निचले स्थानों पर रिटेनिंग वॉल के साथ परिक्रमा पथ का निर्माण कराया जाएगा। डीएम निखिल टी. फुंडे ने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अफसरों के साथ अपने निरीक्षण में इसको लेकर कई निर्देश दिया है। अब इस पर कार्रवाई तेज हो रही है। बताया कि चैनेज 14.8 से 25.393 के मध्य मार्ग के निर्माण का कार्य लगभग 3.3 किमी. लंबाई में (कैन्टोमेन्ट क्षेत्र 5.1 किमी. छोड़कर) ग्रेनुलर स्तर तक पूर्ण हो गया। अन्य भाग में रिटेनिंग वॉल, ड्रेन/डक्ट, सब-बेस व ग्रेनुलर कार्य कराया जा रहा है। विभाग के अफसरों ने बताया कि पथ पर 17.8 किमी. (दायीं ओर) पर बाउण्ड्रीवॉल और मंदिर के प्रभावित भाग को विस्थापित कराकर निर्माण की तैयारी है। बताया गया कि मार्ग के चैनेज-21.6 (दायीं ओर) पर अरुण निषाद का पुर्नव्यवस्थापन के लिए भुगतान कर दिया गया लेकिन ध्वस्तीकरण को लेकर विरोध किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी नगर को जिम्मेदारी सौंपी गई है चैनेजों पर विवाद संबंधी प्रकरणों को उपजिलाधिकारी सदर के माध्यम से शीघ्र निस्तारित कर मार्ग निर्माण के लिए स्थान उपलब्ध कराएं।

पथ के चैनेज 22.2 किमी के दायीं ओर स्थित श्री विघ्नेश्वरनाथ मंदिर का इंटर प्रीटेशन वॉल को शिफ्ट किया जाएगा। बगैर इसके पछ का निर्माण नहीं हो पाएगा। लोक निर्माण विभाग के अफसरों ने बताया कि इंटर प्रीटिशन वाल का निर्माण उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन ने पूर्व में कराया था। निर्माण के समय भी यूपीपीसीएल को आरओडब्लू को छोड़कर निर्माण किए जाने के लिए सूचना भी दी गई थी। लेकिन निर्माण आरओ डब्लू के अंदर कर दिया गया। इब इसे हटाया जाएगा। इसके लिए डीएम ने भी अनुमतिप्रदान कर दी है। कुल मिलाकर कैंट क्षेत्र में परिक्रमा पथ के निर्माण में तेजी आएगी।

### 14 कोसी मार्ग पर लगेंगी डेकोरेटिव लाइट

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** निर्माणाधीन लगभग 40–45 किलोमीटर लंबे 14 कोसी परिक्रमा मार्ग प्रकाश से जगमगाएगा। इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक मार्ग पर करीब 50 करोड़ रुपये की लागत से भव्य डकोरेटिव लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। लोक निर्माण विभाग खंड –तीन के अधिशासी अभियंता सत्य पाल सिंह ने बताया कि कई जगहों पर लगाई भी जा चुकी है। मीडियन में 1005 और फुटपाथ पर 2010 पोल्स पर डेकोरेटिव लाइट्स लगेंगी। कुल मिलाकर रामपथ व धर्मपथ जैसी व्यवस्था रहेगी। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। ये लाइट्स न केवल मार्ग की शोभा बढ़ाएंगी, बल्कि रात में भी परिक्रमा को सुगम और सुरक्षित बनाएंगी। डिजाइनर लाइटिंग से मार्ग दिव्य अनुभव प्रदान करेगा, जहां हर कदम पर भगवान राम की कृपा का एहसास होगा।

**कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, जनपद– अयोध्या**

**पत्रांक :– 624/न0पं0भ0/अन्त्येष्टि स्थल निर्माण 2025–26/ई–निविदा सूचना/2026 दिनांक: 16 फरवरी 2026**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विशेष सचिव नगर विकास अनुभाग– 7 उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या– 04/2025/4456/003–9–7099–195–2025 दिनाक 06 नवम्बर 2025 के द्वारा शहरी क्षेत्रों में ''अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना'' के अन्तर्गत नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा जनपद अयोध्या में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कराने हेतु निम्न विवरण के अनुसार ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो प्रदेश सरकार के ई–टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in के माध्यम से अपलोड की जायेगी। एक ई–निविदा अथवा समस्त ई–निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है। नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी ई–टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**ई–निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने का विवरण निम्नवत् है–**

| क्र0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई –प्रोक्योरमेट के माध्यम से निविदा प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | 18.02.2026 | 10:00 बजे |
| 2 | ई–प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा प्रपत्र डाउनलोड एव अपलोड की अंतिम तिथि व समय | 13.03.2026 | 11:00 बजे |
| 3 | ई–निविदा खोलने की तिथि व समय | 14.03.2026 | 13:00 बजे |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा**
**अयोध्या**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा**
**अयोध्या**

# अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में भी होंगे 14 मंदिरों के दर्शन

- **बोले, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष, कहा-पूरे मंदिर परिसर में दर्शन न करने वाले भक्तों को मिलेगा लाभ**

अयोध्या कार्यालय



अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय का निरीक्षण करते हुए नृपेंद्र मिश्र। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राममंदिर निर्माण समिति को दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन सरयू तट स्थित अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंदिर निर्माण समिति के नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर परिसर में 14 मंदिर हैं, उनकी पूजा श्रृंगार-आरती आदि के दर्शन भक्तों को हों उसको लेकर एक थ्रीडी वीडियो बनाया जाएगा। जिससे कोई श्रद्धालु पूरे मंदिर परिसर में दर्शन नहीं कर पाये तो म्यूजियम में उसको ये थ्रीडी में दिखाया जायेगा। एक ऐसा प्रारूप बनाया जाएगा कि लगेगा जैसे वो मंदिर में है, जहां सभी दर्शन प्राप्त हो जाएंगे।

उन्होंने बताया कि दो गैलरी ऐसे होंगी जिसमें 500 वर्षों के कानूनी विवरण होंगे। एक गैलरी ऐसी होगी जिसमें जो भी खुदाई हुई है उसको इस प्रकार से प्रस्तुत किया जाए कि लोगों को ये विश्वास बने कि यहीं पर भगवान का मंदिर था। खुदाई के जो सामान है उनको प्रमाणित करने का प्रयास उस गैलरी में किया जाएगा। कहा कि एक पुष्पक विमान गैलरी बनेगी। जिसमें सेवनडी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। जहां भक्तों को बैठकर के उन सभी स्थानों पर जहां भगवान के पग पड़े उनको देखने का अवसर मिलेगा। इसकी पूरी रूप रेखा बना दी गई है, उसके अनुसार कार्य शुरू कर दिया गया है। अध्यक्ष ने बताया कि पूरी आशा है कि लगभग नौ माह में ये कार्य पूर्ण हो जाएगा। मंदिर में श्रद्धालुओं को सामान रखने की और सुविधा मिलेगी क्योंकि अब सामान रखने के लिए तीन स्थान बन गए है। इसके अलावा जो अन्य सुविधाएं जैसे गर्मी में छाया, पेयजल आदि श्रद्धालुओं को कैसे मिलें, इस पर विचार किया जा रहा है। कहा कि मंदिर निर्माण अब अपनी पूर्णता की ओर है, ऐसी संभावना है कि कार्यदायी संस्था एलएंडटी और टीसीई जून के बाद यहां से अपने अपने स्थानों पर चली जाएंगी।

## विपिन को मिला प्रशस्ति पत्र

**मवई, अयोध्या :** राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण एवं उपभोक्ता कल्याण जागरूकता अभियान के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटीग्रेटेड केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम मांजनपुर, ब्लॉक मवई निवासी सम्राट विपिन को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जिला जज के माध्यम से प्रदान किया गया। सम्राट विपिन ने कहा वे उपभोक्ताओं को जागरूक करने को अभियान चलाएंगे। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी प्राप्त की और जागरूक रहने का संकल्प लिया।

## कलाकारों को किया पुरस्कृत

**पूराबाजार, अयोध्या :** नवयुवक उत्थान समिति रामपुर मया, सराय सागर के तत्वावधान में बरुआ बाबा धाम नागीपुर में चल रहा तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी ने प्रतिभागी कलाकारों को पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाओं का मंचन, अनुसरण व उनका मार्गदर्शन हमें बहुत कुछ सिखाता है। समाजसेवी शिव मूर्ति पांडेय, खंड विकास अधिकारी मया विकास कुमार मिश्र, चंद्र प्रकाश मिश्र, ग्राम प्रधान सीमा शुक्ला, सुमन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# टीईटी से छूट न मिलने पर दिल्ली करेंगे कूच

अयोध्या कार्यालय



ब्लाक संसाधन केंद्र रुदौली में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि यदि 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) से छूट नहीं मिली, तो शिक्षक दिल्ली कूच करने के लिए मजबूर होंगे। वह बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र रुदौली में शिक्षकों की बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार संघ प्रतिनिधियों से बातचीत में तो आश्वस्त करती है, लेकिन संसद में पूछे गए सवालों पर शिक्षकों के विपरीत बयान देकर सदन को गुमराह करती है।

उन्होंने बताया कि शिक्षक 26 फरवरी को काली पट्टी बांधकर बीएसए कार्यालय पर धरना देंगे और जिला अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे। यदि मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश पांडे ने व संचालन ब्लॉक संयुक्त मंत्री रामकृष्ण गुप्ता ने किया। बैठक में विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह, ब्लॉक मंत्री सतेंद्र पाल सिंह, कोषाध्यक्ष मोहम्मद गयास, संघर्ष समिति अध्यक्ष अली मुर्तजा, मंत्री हरिशंकर पांडे, जिला उपाध्यक्ष रामानुज तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम सुरेश, अलकाअग्रवाल, रेखा उपाध्याय, नूरीन जेहरा, शाहिना आदि रहीं।

# संघ स्वयंसेवक श्रीरामार्चनम से करेंगे प्रभु रामलला की स्तुति

**अयोध्या कार्यालय :** फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी (22 फरवरी) के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में घोषवादन से प्रभु श्रीरामलला की स्तुति करेंगे। इसे श्रीरामार्चनम् नाम दिया गया है। महीनों के श्रम से विशेष रूप से प्रशिक्षित घोष दल के 100 वादक अयोध्या में मनोहारी घोषवादन व पथ संचलन करेंगे। जानकारी के अनुसार वेणु (बांसुरी), श्रृंग (स्वरद, तुर्य , नागांग, गौमुख) और शंख (बिगुल) पर अलग-अलग रागों और भिन्न-भिन्न अवसरों के अनुरूप रचनाओं का वादन होगा। कुछ रचनाएं स्थिर अवस्था में तथा शेष पथ संचलन (रूट मार्च ) के साथ बजाई जाएंगी। एक वेश, समान लय-स्वर के साथ 100 से अधिक स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाते हुए अयोध्या के राम पथ पर निकलेंगे, 25 स्वयंसेवकों के परिवार भी इस कार्यक्रम में रहेंगे। बीते दिनों आयोजन से जुड़े कुछ वरिष्ठ कार्यकर्ता अयोध्या आकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पतराय से मिलकर आवश्यक अनुमति, सहमति ले चुके हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार स्वयंसेवक 21 फरवरी को सुबह अयोध्या धाम पहुंचेंगे। पुण्य सरयू के पावन तट पर विक्रमी संवत 2082 फाल्गुन शुक्ल पक्ष पंचमी यानि 22 फरवरी को 3:15 बजे से घोष वादन प्रारंभ होगा। इसके बाद पथ संचलन के साथ वादन करते हुए स्वयंसेवक लता मंगेशकर चौक पहुंचेंगे। यहां स्वर सम्राज्ञी लता जी के साथ ही बलिदानी कारसेवकों को 3:35 से 3:55 तक रागमयी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके बाद राम पथ से स्वयंसेवक 4:20 पर हनुमानगढ़ी पहुंचेंगे। 4:35 बजे तक घोष पर स्तुति वादन होगा। 5:15 बजे श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर पहुंचकर यह दल 5:15 से 6:15 बजे तक प्रदक्षिणा और स्थिर वादन करेगा।

# बोर्ड परीक्षा देकर घर लौट रहे तीन छात्र गंभीर रूप से घायल

**टांडा, अंबेडकरनगर:** हंसवर थाना क्षेत्र में एक सडक़ दुर्घटना में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा देकर घर लौट रहे तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान गणेशपुर निवासी राजन पुत्र शिवम, लंगड़ी पृथ्वीपुर निवासी गोलू पुत्र सुरेश और धीरज पुत्र महेंद्र के रूप में हुई है। तीनों की उम्र लगभग 17 वर्ष बताई जा रही है। बता दें कि यह छात्र रामराजी देवी इंटर कॉलेज नारायणपुर प्रीतमपुर के थे। इनका हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा केंद्र रंगे राघव इंटर कॉलेज में पड़ा था। परीक्षा के पहले दिन पेपर देने के बाद तीनों एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि बाइक की रफ्तार तेज होने के कारण वाहन अनियंत्रित हो गया। मियापुर कैथोलि हनुमान मंदिर के पास रास्ते में खडी एक प्लैटिना बाइक से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों छात्र सडक़ पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अभिनेष कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। लोगों की मदद से तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

# स्वच्छ पाठशाला अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**अयोध्या, अमृत विचार:** नगर निगम और आईटीसी मिशन सुनहरा कल सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अमानीगंज वार्ड के एसवी सेंट्रल सरस्वती मॉडर्न कॉन्वेंट इंटर कॉलेज पठान टोलिया में स्वच्छ पाठशाला अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं को गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण, स्वच्छता के महत्व और कचरा प्रबंधन की वैज्ञानिक प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर समिति के विनोद कुमार शर्मा, नगर निगम के सुपरवाइजर सितम भारती, प्रधानाचार्य सुनीता वर्मा आदि ने दी।

# सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल, हुआ रेफर

**मसौधा, अयोध्या:** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के जमूरतगंज-बिल्हरघाट मार्ग पर पुरखेपुर गांव के निकट दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की भिड़ंत के दौरान चपेट में आने से बाइक सवार कंदरिया गांव निवासी शिव सहाय तिवारी घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से पूराकलंदर पुलिस ने घायल को सीएचसी पूरा बाजार भिजवाया। जहां हालत गंभीर देख दर्शननगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। प्रभारी निरीक्षक पूराकलंदर मनोज शर्मा ने बताया कि घटना की अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# जिले के 114 केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा में हुई बोर्ड परीक्षा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



अकबरपुर नगर के डॉ. गणेश कृष्ण जेटली इंटर कॉलेज में छात्रों की जांच-पड़ताल करते शिक्षक।

- **परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस का रहा सख्त पहरा, हाईस्कूल में 1787 व इंटरमीडिएट में 1440 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित**

**अमृत विचार:** जनपद में माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा बुधवार से 114 केंद्रों पर शुरू हो गई हैं। बुधवार को आयोजित परीक्षा में हाईस्कूल में पंजीकृत 36 हजार 836 के सापेक्ष 35 हजार 049 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। जबकि 1 हजार 787 अभ्यर्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। वहीं इंटरमीडिएट अनिवार्य हिंदी विषय में कुल पंजीकृत 33 हजार 651 के सापेक्ष 32 हजार 211 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1 हजार 440 अनुपस्थित रहे।

बता दें कि बोर्ड परीक्षा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट समेत एक-एक विशेष पर्यवेक्षक केंद्रों के निरीक्षण में लगे रहे। वहीं बोर्ड परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस का भी सख्त पहरा रहा। बोर्ड परीक्षा 12 मार्च तक चलेगी। उत्तर पुस्तिकाओं को जमा करने के लिए तीन संकलन केंद्र बनाए गए हैं। जीआइसी अकबरपुर में भीटी, टांडा तथा अकबरपुर तहसील के केंद्रों की कापियां जमा हुईं। जिला प्रशासन व माध्यमिक शिक्षा विभाग ने पांच जोन तथा 27 सेक्टरों में जनपद को विभक्त किया है। पांचों जोन में एसडीएम के नेतृत्व में निगरानी की जा रही है। जबकि, 27 सेक्टरों के लिए मजिस्ट्रेट तैनात रहे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती रही, जो निगरानी में लगे रहे।

# दिग्विजय सिंह की जमीन का खारिज हुआ दाखिल-खारिज

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह।

- **जनपद के आलापुर तहसील क्षेत्र में 1989 के कथित बैनामे के साक्ष्य पाए गए अपर्याप्त**

**यह था मामला :** यह मामला तब सामने आया जब फरवरी 2025 में इस जमीन पर निर्माण कार्य शुरू किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री के केयर टेकर अनिल यादव ने इसकी शिकायत जिला प्रशासन से किया था। इस संबंध में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भी जिलाधिकारी से फोन पर बात भी की थी। मामले की जांच में पाया गया कि मुख्तार-ए-आम बनाने के लिए दिग्विजय सिंह के स्थान पर दुर्विजय सिंह के हस्ताक्षर किए गए थे। साथ ही नाम और पते में भी बदलाव किया गया था। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई थी, लेकिन इस फर्जी मुख्तार-ए-आम से संबंधित कार्रवाई अभी लंबित है। इसी बीच 19 फरवरी 2025 को राजबहादुर और अन्य लोगों ने तहसील आलापुर में दाखिल-खारिज के लिए आवेदन किया।

**अमृत विचार:** जनपद में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की जमीन से जुड़े विवाद में एक महत्वपूर्ण फैसला आया है। नायब तहसीलदार कोर्ट ने आलापुर तहसील स्थित इस भूमि के दाखिल-खारिज की अर्जी को खारिज कर दिया है। यह अर्जी राजबहादुर और अन्य लोगों द्वारा प्रस्तुत की गई थी, लेकिन वह बैनामे के समर्थन में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं करा सके।

बता दें कि मामला आलापुर तहसील क्षेत्र के रामनगर महुवर गांव के गाटा संख्या 1235 क से संबंधित है, जिसका क्षेत्रफल 0.152 हेक्टेयर है। यह भूमि वर्तमान में दिग्विजय सिंह के नाम दर्ज है। पहले यह उनकी मां के नाम थी और मां के निधन के बाद 18 मई 2024 को वरासत के माध्यम से दिग्विजय सिंह के नाम दर्ज की गई थी। इस जमीन की अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपए है। विवाद की जड़ 1989 में हुए एक कथित बैनामे में है। हंसवर के ग्राम क्वेटला निवासी रामहरक चौहान ने खुद को दिग्विजय सिंह का मुख्तार-ए-आम पावर ऑफ अटॉर्नी धारक बताते हुए इस जमीन को जियालाल, राजबहादुर और मंगली निवासी रामनगर महुवर के नाम बेच दिया था। नायब तहसीलदार हुबलाल की कोर्ट में इस पर सुनवाई हुई। अभिलेखों के परीक्षण के दौरान नायब तहसीलदार ने पाया कि बैनामा एक मुख्तार-ए-आम के आधार पर किया गया था, लेकिन मुख्तार-ए-आम की मूल प्रति या प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत नहीं की गई। साक्ष्य अपूर्ण मानते हुए कोर्ट ने वाद को खारिज कर दिया।

**उपजिलाधिकारी बोले :** एसडीएम सुभाष सिंह ने बताया कि दाखिल-खारिज की अपील निरस्त कर दी गई है। उन्होंने बताया कि फर्जी मुख्तार-ए-आम बनाकर जमीन के बैनामे से संबंधित अन्य प्रकरण की जांच उच्च स्तर पर अभी भी चल रही है।

# दुकानदार पर तीन नाबालिगों से अशोभनीय हरकत का आरोप

**जलालपुर, अंबेडकरनगर:** कोतवाली जलालपुर नगर में एक दुकानदार व उसके परिवार पर तीन नाबालिक बच्चियों के साथ कथित रूप से अशोभनीय हरकत, अभद्र भाषा और अश्लील इशारा करने का आरोप है। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर से शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई न होने से पीड़ित परिवार में निराशा व्याप्त है। पीड़िता ने बीते 10 फरवरी को पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी तीन नाबालिक पोतिया हैं, जिनकी उम्र 14 वर्ष, 11 वर्ष और 7 वर्ष है, वह सभी विद्यालय में अध्यनरत है और उनकी सुरक्षा व देखरेख की जिम्मेदारी उसी पर है। आरोप है कि नगर स्थित गोयल ज्वेलर्स से जुड़े दीपक गोयल उनके पुत्र शिवम गोयल तथा पत्नी बरखा गोयल द्वारा तीनों नाबिलग बच्चियों से बार-बार अश्लील इशारे करना अभद्र व लैंगिक टिप्पणियां करना तथा उनका पीछा करना जैसे हरकतें की जा रही हैं। पीड़िता का कहना कि इन घटनाओं से बच्चियां भयभीत और मानसिक रूप से परेशान है। वह विद्यालय जाने से भी डर रही है तथा घर से बाहर निकलने में असुरक्षित महसूस कर रही है। पीड़िता ने यह भी दावा किया की घटनाओं से संबंधित साक्ष्य उसके पास मौजूद हैं, इसके बावजूद जलालपुर पुलिस द्वारा आरोपियों की विरुद्ध अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिसको लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और परिजन शीघ्र कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। वहीं इस संबंध में कोतवाली जलालपुर के प्रभारी निरीक्षक अजय प्रताप यादव ने बताया कि गुरुवार को पीड़ित पक्ष को बुलाया गया है। मामले की जांच कर आवश्यक अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# भूमाफियाओं पर 3 दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में भूमाफियाओं की दबंगई का एक और मामला सामने आया है, जहां 20 वर्ष पुरानी बाउंड्री वॉल को रात के अंधेरे में जेसीबी से गिरा दिया गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर के बावजूद पुलिस द्वारा तीन दिन बाद मुकदमा दर्ज किए जाने से कार्रवाई की गति पर सवाल उठ रहे हैं। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के बसखारी रोड स्थित बड़े पुल के पास का है। उक्त भूमि देवानंद पुत्र पारसनाथ निवासी अरई तथा सुभाष यादव पुत्र तिलकधारी के नाम दर्ज बताई जा रही है। पीड़ित के अनुसार वर्ष 2005 में रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर वह भूमि पर बाउंड्री वॉल बनवाकर काबिज था। पीड़ित का आरोप है कि 14 फरवरी को वह रिश्तेदारी में गया हुआ था। उसी रात कटका थाना क्षेत्र के दूधई गांव निवासी श्याम सुंदर तिवारी पुत्र जगदीश प्रसाद अपने चार-पांच अज्ञात साथियों के साथ जेसीबी लेकर पहुंचा और दशकों पुरानी चारदीवारी को गिरा दिया। सुबह जानकारी मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचा तो बाउंड्री वॉल पूरी तरह ध्वस्त पाई गई। आरोप है कि विरोध करने पर विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए दोबारा जमीन पर न दिखने की चेतावनी दी। पीड़ित ने तत्काल जलालपुर कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन मुकदमा दर्ज होने में तीन दिन लग गए। बताया जा रहा है कि कोतवाल अजय प्रताप यादव द्वारा जांच के बाद एक नामजद व चार-पांच अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई शुरू की गई है।

# दो अवैध अस्पतालों को किया गया सील

बसखारी, अंबेडकरनगर

- **हड्डी अस्पताल के अंदर ओटी तथा सर्जिकल सामान मिला**

**अमृत विचार:** क्षेत्र में अवैध रुप से संचालित अस्पतालों, डायग्नोस्टिक सेंटरों, पैथालॉजी व क्लीनिकों पर शिकंजा कसने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने आधा दर्जन स्थान पर छापेमारी किया। छापेमारी में अवैध रुप से संचालित कुछ अस्पतालों को सील किया गया। वहीं कुछ अस्पतालों की पत्रावली कब्जे लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

बता दें कि बसखारी बाजार में लगातार अवैध रूप से डायग्नोस्टिक सेंटर, पैथालाजी, अस्पताल संचालित होने की सूचना मिल रही थी। लगभग 10 दिन पूर्व आजमगढ़ रोड पर स्थित नवजीवन क्लिनिक पर अप्रशिक्षित लोगों द्वारा सर्जरी करने के बाद प्रसूता की मौत हो गई थी। जिसमें प्रशासनिक अमले ने कठोर कार्रवाई करते हुए दो लोगों को जेल भेज कर अस्पताल को सील कर दिया था। उसी समय एसडीएम टांडा शशिशेखर ने बसखारी में संचालित अस्पतालों पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया था। मंगलवार को एसडीएम, थाना अध्यक्ष व सीएचसी अधीक्षक की संयुक्त टीम ने सबसे पहले सीएचसी के सामने संचालित न्यू प्रांजल डायग्नोस्टिक सेंटर, सब्जी मंडी में नहर पर संचालित आयुष्मान चिल्ड्रन केयर सेंटर, हंसवर मोड़ पर संचालित हड्डी अस्पताल, ग्लोबल हेल्थ केयर सेंटर मखदूमनगर, सब्जी मंडी में गोबिंद मेडिकल सेंटर तथा अकबरपुर रोड पर स्थित प्रकाश डायग्नोस्टिक सेंटर पर छापेमारी किया। इस दौरान आयुष्मान चिल्ड्रेन केयर सेंटर व हंसवर मोड़ पर संचालित हड्डी अस्पताल अवैध पाया गया। हड्डी अस्पताल के अंदर ओटी तथा सर्जिकल सामान पाया गया। टीम ने तत्काल दोनों अस्पताल को सील कर दिया। तथा अन्य जगहों की पत्रावली को कब्जे में लिया। एसडीएम शशि शेखर ने अवैध अस्पतालों पर शिकंजा कसने के लिए छापेमारी को अनवरत जारी रहने की बात कही। उन्होंने बताया कि दो अस्पतालों को सील कर अन्य अस्पतालों एवं पैथोलॉजी की पत्रावली को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

**बैठक** वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की दिशा में जनपद की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने को डीएम ने जिम्मेदारों को दिए सख्त निर्देश

# योजनाओं को धरातल पर उतारें अधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अनुपम शुक्ला।

**अमृत विचार:** शासन के मंशानुसार उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जनपद की प्रभावी एवं अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को बढ़ावा देने, कृषकों को उन्नत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करने तथा कृषि उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के विषय पर विस्तृत और गहन विचार-विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कृषि उपजों की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर वैल्यू एडिशन को प्रोत्साहित करने तथा योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए ठोस और योजनाबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में जनपद में आधुनिक फिश मंडी की स्थापना, अधिक से अधिक पॉलीहाउस विकसित करने, मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने, पर्यटन की संभावनाओं के दोहन, टांडा क्षेत्र में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट स्थापित करने, मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने तथा विभिन्न फसलों के उत्पादन में वृद्धि के लिए विशेषज्ञों के माध्यम से कृषकों को प्रशिक्षण दिलाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया। इसके अतिरिक्त धान, गन्ना और अन्य कृषि उत्पादों पर आधारित फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना, सीड पार्क के विकास तथा आवश्यकतानुसार स्टेट ट्रांसपोर्टेशन कमीशन से सहयोग प्राप्त करने के संबंध में भी विमर्श किया।

बैठक में उपनिदेशक कृषि अश्विनी कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह, जिला गन्ना अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्यान अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, उद्यमी मित्र, मत्स्य अधिकारी तथा जनपद के प्रगतिशील कृषकों सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

- **डीएम ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों और पटलों का किया औचक निरीक्षण**

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर :** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न अनुभागों एवं पटलों का औचक निरीक्षण कर कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव तथा लंबित प्रकरणों की स्थिति की गहन समीक्षा किया। जिलाधिकारी ने भूलेख राजस्व अभिलेखागार, न्याय सहायक पटल, खनन अनुभाग, आंग्ल अभिलेखागार, न्यायिक अभिलेखागार, नागरिक सुरक्षा कोर कक्ष, संयुक्त कार्यालय तथा आयुध सहायक पटल का क्रमवार निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, पत्रावलियों के समयबद्ध निस्तारण तथा आमजन से संबंधित प्रकरणों आदि के स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से विभिन्न पटलों पर संचालित कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा लंबित मामलों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को त्वरित और प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# चूड़ी गली की कई दुकानों में लगी आग, लाखों का नुकसान

**बसखारी, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के मखदूम अशरफ के आस्ताने के निकट स्थित चूड़ी गली की कई दुकानों में आग लग गई। आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगने का अंदेशा जताया जा रहा है। इस अग्निकांड में विसता, चूड़ी, सिन्नी, चादर आदि सामनों से संबंधित करीब 10 से अधिक दुकानों के जलने की खबर है। जिसमें लाखों रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

बता दें कि बीती रात्रि किछौछा दरगाह में स्थित चूड़ी गली की दुकानों से आग की लपटे उठने लगी। आग की लपटों को देखकर स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बचाव कार्य में जुटे स्थानीय लोगों के साथ सूचना पर पहुंची बसखारी पुलिस व अग्निशमन विभाग ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग पर जब तक काबू पाया जाता तब तक मुमताज, हकीम, इसहाक, उस्मान, राम जियावान, चुन्नू, जमील, वाजिद अली, सेराज, अशरफ अली, कासिम, हसीब, ताज मोहम्मद की दुकानों सहित लगभग 10 से अधिक दुकानों में रखा सामान जलकर राख हो गया। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष ओंमकार गुप्ता सहित कई अन्य समाजसेवियों ने मौके पर पहुंच कर पीड़ितों को हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

# एआई समिट में गोंडा के इंजीनियरिंग छात्रों का नवाचार संग संवाद

## नयी दिल्ली के भारत मंडपम में सजा एआई का महाकुंभ, जिले के छात्रों ने बढ़ाया मान, सीखे तकनीकी भविष्य के टिप्स

**गोंडा, अमृत विचार :** नई दिल्ली के भारत मंडपम में बुधवार को आयोजित इंडिया एआई समिट में जिले के मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर आने वाले समय में तकनीकी के इस्तेमाल का तरीका सीखा। साथ ही विभिन्न स्टार्टअप संस्थापकों एवं तकनीकी विशेषज्ञों से संवाद स्थापित कर तकनीकी अनुप्रयोगों के व्यावहारिक पहलुओं को समझा। छात्र-छात्राओं के साथ प्रतिनिधिमंडल में सीईओ महिप सिंह व इनोवेशन हब यूपी की सीआईओ वंदना शर्मा भी उपस्थित रहीं तथा विद्यार्थियों को समिट के विभिन्न सत्रों एवं प्रदर्शनों के दौरान मार्गदर्शन प्रदान किया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संस्थान के निदेशक प्रो. बीएन. मिश्रा तथा अधिष्ठाता शैक्षणिक मारुत नंदन त्रिपाठी ने किया। बुधवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई समिट 2026 में शामिल होने गए प्रतिनिधिमंडल में मां पाटेश्वरी देवी राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के विश्व दीपक मिश्रा, सौरभ शुक्ला, मुस्कान मिश्रा, अनुराग यादव, राम प्रताप मौर्य, अनुभव मिश्रा, काजल, बबिता, सविता, नंदनी एवं सोम सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रहे। समिट के एक्सपो एरीना में कृत्रिम बुद्धिमत्ता(एआई) उभरती प्रौद्योगिकियों, डिजिटल नवाचार, व्यावसायिक मॉडलों, शैक्षिक परिवर्तन तथा उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी अत्याधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने एआई आधारित समाधान, मशीन लर्निंग मॉडल, स्मार्ट ऑटोमेशन सिस्टम तथा इंडस्ट्री 4.0 से संबंधित प्रौद्योगिकियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न स्टार्टअप संस्थापकों एवं तकनीकी विशेषज्ञों से संवाद स्थापित कर नवाचार, अनुसंधान एवं वास्तविक जीवन में तकनीकी अनुप्रयोगों के व्यावहारिक पहलुओं को समझा। छात्रों ने इसे अपने शैक्षणिक जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण अनुभव बताया। निदेशक प्रो. बीएन मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के ऐसे सम्मेलनों में सहभागिता से विद्यार्थियों का दृष्टिकोण व्यापक होता है तथा उनमें शोध और नवाचार की भावना प्रबल होती है। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। अधिष्ठाता शैक्षणिक मारुत नंदन त्रिपाठी ने अनुभवात्मक शिक्षण और उद्योग शिक्षा सहयोग के महत्व पर बल देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों को तकनीकी दुनिया की वास्तविकताओं को समझने का अवसर मिलता है। संस्थान प्रशासन ने कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक रहा। आगे भी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों से जोड़ने के प्रयास जारी रहेंगे, ताकि वे नवाचार आधारित परियोजनाओं एवं उद्यमिता की दिशा में सशक्त कदम बढ़ा सकें।



एआई समिट में शामिल कालेज के निदेशक प्रो. बीएन मिश्र, छात्र-छात्राएं व अन्य।

# दूसरे छात्र के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया मुन्ना भाई

## जनता इंटर कॉलेज में हाईस्कूल हिंदी की परीक्षा के दौरान तलाशी में हुआ खुलासा, 1500 रुपये लेकर इम्तिहान देने पहुंचा था

**यूपी बोर्ड**

बभनान, गोंडा


पुलिस की गिरफ्त में मुन्ना भाई।

**अमृत विचार:** बोर्ड परीक्षा के पहले ही दिन कड़ी निगरानी के बीच बड़ा खुलासा हुआ। छपिया थाना क्षेत्र स्थित जनता इंटर कॉलेज में हाईस्कूल हिंदी की परीक्षा के दौरान एक युवक दूसरे परीक्षार्थी की जगह पेपर देते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी 1500 रुपये लेकर 'मुन्ना भाई' बनकर परीक्षा देने आया था।

परीक्षा शुरू होने के महज 15 मिनट बाद स्टैटिक मजिस्ट्रेट और आंतरिक सचल दल प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने कक्ष संख्या 26 की औचक तलाशी ली। जांच में पाया गया कि हाईस्कूल के छात्र सुधीर कुमार की जगह मनीष कुमार मौर्य परीक्षा दे रहा था। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह 1500 रुपये लेकर दूसरे छात्र के स्थान पर हिंदी का पेपर देने आया था। केंद्र व्यवस्थापक की तहरीर पर आरोपी मनीष कुमार पुत्र जगलाल, निवासी चटकनवा थाना खोड़ारे को छपिया थाने की पुलिस के हवाले कर दिया गया। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक डा रामचंद्र ने पूरे प्रकरण की रिपोर्ट उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेज दी है। शासन स्तर से भी मामले में रिपोर्ट तलब की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि संबंधित परीक्षा केंद्र पर आगामी परीक्षाओं के दौरान विशेष निगरानी रखी जाएगी। गौरतलब है कि शासन द्वारा परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए पहले ही सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके बावजूद पहले दिन प्रतिरूपण का मामला सामने आना परीक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसी भी सूरत में नकल माफिया को बख्शा नहीं जाएगा।

# पहले दिन 6203 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के पहले दिन हिंदी विषय की परीक्षा कड़ी सुरक्षा में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पहली पाली में हाईस्कूल तथा दूसरी पाली में इंटर की हिंदी की परीक्षा हुई। हाईस्कूल के 3186 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि इंटर के 3017 छात्र-छात्राएं गैरहाजिर रहे।

पहली पाली की परीक्षा सुबह 8:30 बजे प्रारंभ हुई। सुबह सात बजे से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। अभिभावकों के साथ पहुंचे छात्र-छात्राएं अपना सिटिंग प्लान देखने में व्यस्त रहे। सुबह आठ बजे से परीक्षार्थियों को केंद्रों के भीतर प्रवेश दिया गया। प्रवेश से पहले सभी की सघन तलाशी ली गई। नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। डीआईओएस डॉ1 रामचंद्र ने बताया कि दोनों पालियों की परीक्षा प्रशासन की सतर्कता के चलते शांतिपूर्ण रही।


परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले छात्राओं की तलाशी लेती शिक्षिका। ● अमृत विचार

### परीक्षा के दौरान छात्रा बेहोश

**करनैलगंज, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षा के दौरान श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में सुबह एक छात्रा परीक्षा देते समय बेहोश हो गई। विद्यालय प्रशासन ने उसे प्राथमिक उपचार दिया और सीएचसी अधीक्षक को फोन किया पर फोन रिसीव नहीं हुआ। डॉ. मुदस्सिर से संपर्क किया गया। उन्होंने छात्रा को अस्पताल लाने और इलेक्ट्रॉल देने की बात कही। लेकिन स्वास्थ्य टीम विद्यालय नहीं पहुंची। विद्यालय प्रशासन की तत्परता से छात्रा को प्राथमिक उपचार मिला और कुछ देर बाद उसकी हालत सामान्य हो गई।

### कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई यूपी बोर्ड परीक्षा

**करनैलगंज, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों पर बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षाएं शुरू हुईं। परीक्षा केंद्रों पर तलाशी के बाद छात्रों को प्रवेश दिया गया। कन्हैया लाल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मेजर राजाराम ने बताया कि हाईस्कूल हिंदी में पंजीकृत 615 परीक्षार्थियों में से 38 अनुपस्थित रहे। इंटर के 433 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 23 अनुपस्थित रहे। श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के प्रबंधक वीके श्रीवास्तव के अनुसार हाईस्कूल के 644 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 30 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के 492 पंजीकृत परीक्षार्थियों में 27 अनुपस्थित रहे, जबकि 465 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा ने केंद्रों का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात रहा।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करतीं एसडीएम नेहा मिश्रा।

# दुःख हरण नाथ मंदिर का दानपात्र तोड़कर चोरी

**गोंडा, अमृत विचार:** चाक-चौबंद सुरक्षा के तमाम दावों की हवा तब निकल गई, जब चोरों ने शहर के आस्था के केंद्र बाबा दुःख हरण नाथ मंदिर को निशाना बनाया। यह वारदात नगर कोतवाली से महज 300 से 400 मीटर की दूरी पर अंजाम दी गई। जहां से शहर की सुरक्षा के जिम्मेदार रहते हैं। चोरों ने महादेव के दरबार में सेंधमारी कर दी।

मंदिर के महंत रुद्रनाथ गिरी के अनुसार मंगलवार रात 10 बजे शयन आरती के बाद मंदिर के कपाट बंद किए गए थे। लेकिन रात में चोरों ने न केवल मंदिर का ताला तोड़ा, बल्कि मंदिर के अंदर दीवार में जड़े दान पात्र को भी तोड़ डाला। दानपात्र में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित किए गए हजारों रुपये पर हाथ साफ कर चोर रफूचक्कर हो गए। इस घटना से पुलिस गश्त की पोल खुल गयी। बुधवार सुबह 4 बजे जब महंत मंदिर खोलने पहुंचे, तो टूटे ताले और बिखरे सामान को देखकर उनके होश उड़ गए। जैसे ही यह खबर शहर में फैली, श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है। इस संबंध में नगर कोतवाल बिंदेश्वरी त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।


मंदिर का टूटा दानपात्र। ● अमृत विचार

# सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पहली घटना नवाबगंज-कर्नलगंज मार्ग पर लौव्वाबीरपुर के महंगूपुर मोड़ के पास मंगलवार देर शाम करीब 9 बजे हुई। बहराइच के कैसरगंज निवासी महबूब आलम (24) बाइक से जा रहे थे, तभी एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें ठोकर मार दी। सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष अभय सिंह मौके पर पहुंचे और घायल को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। दूसरी घटना बुधवार सुबह करीब 5:20 बजे कोल्हमपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत कटरा भोगचंद–किशुनदासपुर मार्ग पर हुई। सवारियों से भरा ऑटो पलट गया। दुर्घटना में सरोज कुमार (25) तथा चंद्र मोहन सिंह (65) गंभीर रूप से घायल हो गए।

# करनैलगंज तहसील गेट पर अधिवक्ताओं ने दिया धरना


नायब तहसीलदार को मांगों का ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार :** तहसील में अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज अधिवक्ताओं ने बुधवार को तहसील गेट पर धरना-प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया और डीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। बार एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष श्यामधर शुक्ल व महामंत्री पवन कुमार शुक्ल ने आरोप लगाया कि तहसील के अधिकारी मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि जब तक एसडीएम और तहसीलदार का स्थानांतरण नहीं किया जाता, तब तक वे आंदोलन जारी रखेंगे। न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रदर्शन में त्रिलोकीनाथ तिवारी, गोपालजी तिवारी, हृदयनारायण मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र, सत्य नारायण सिंह, अरविंद शुक्ल, रामसभा मिश्र, स्वामी दूबे व अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# उचक्के ने वृद्ध से 40 हजार रुपये ठगे

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** तुलसीपुर माझा निवासी बुजुर्ग योगेन्द्र सिंह ठगी का शिकार हो गए। उन्होंने बुधवार को थाने में दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से अपने खाते से 50 हजार रुपये निकाले थे। पीड़ित के अनुसार, निकाली गई रकम में से 10 हजार रुपये उन्होंने अलग जेब में रखे थे। इसके बाद वह गोनार्द अस्पताल के सामने एक बेंच पर बैठे थे। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति आया और उनसे बातचीत शुरू कर दी। आरोपी ने कहा कि आप यह दो सौ रुपये की गड्डियां मुझे दे दीजिए, मैं इन्हें पांच सौ की गड्डियों में बदलकर लौटा दूंगा। झांसे में आकर बुजुर्ग ने 40 हजार रुपये की गड्डियां उसे सौंप दीं। रुपये मिलते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच कराई जा रही है।

# कुत्ते : हमारे दोस्त या आतंक का पर्याय

**गोंडा:** हजारों साल पहले मनुष्य ने अपनी सुरक्षा के लिए कुत्तों को पालतू बनाया था और उसके बाद हजारों वर्ष इंसानों के साथ रहने वाले कुत्तों के साथ आज कभी-कभी संघर्ष की स्थिति भी देखी जाती है। तो क्या कुत्ते अब इंसान के सबसे वफादार साथी नहीं रहे, क्या वे आतंक का पर्याय बन चुके हैं, क्या सभी कुत्ते खतरनाक हैं ?

**दो तरह के कुत्ते हमारे गांव, मोहल्लों में होते हैं :** पहले स्थानीय सामाजिक कुत्ते (कम्युनिटी डॉग) जो हमारे गांव, मोहल्ले में ही रहते हैं, उनका एक छोटा सा निश्चित इलाका होता है, वे हमें पहचानते हैं, हम उन्हें पहचानते हैं और वे मित्रवत होते हैं। जबकि दूसरे हैं वे फेरल कुत्ते जो जंगली हो चुके हैं, जिनका कोई निश्चित इलाका नहीं होता बल्कि वे रोज़ यात्रा करते हैं। वे झुंड में रहते हैं। मानवीय संपर्क न होने के कारण वे शिकारी प्रवृति के होते हैं । वे इंसानों के सामने कम पड़ते हैं। जंगलों, खेतों से इधर- उधर घूमते हैं। कुत्तों द्वारा इंसानों पर जानलेवा हमले मुख्यतः ऐसे शिकारी कुत्तों के द्वारा ही किए जाते हैं, न कि गलियों में रहने वाले सामाजिक कुत्तों के द्वारा।


गांव घर के आसपास रहने वाला कुत्ता।

**हालिया मामले :** नेचर क्लब को न्यू मुस्लिम सोसाइटी कॉलोनी में बछड़े के रेस्क्यू के दौरान ऐसा मामला दिखा जिसमें रात में बाहरी शिकारी कुत्तों ने बछड़े पर हमला किया तो मोहल्ले के स्थानीय कुत्तों ने उन्हें भगाकर बछड़े को बचाया। धानेपुर में एक बच्ची की मृत्यु में भी जिम्मेदार गांव के सामाजिक कुत्ते न होकर बाहरी शिकारी कुत्ते थे, ऐसा प्रत्यक्षदर्शी लोगों ने बताया। बालपुर के निकट पांडेयपुरवा में भी एक डेयरी में रात में शिकारी कुत्ते के हमले में गौवंश जख्मी हुए। शहर के बाहरी इलाकों व गांवों में भी विगत कई वर्षों में ऐसे बाहरी शिकारी कुत्तों के हमले में कई बछड़े, हिरण आदि घायल होते रहे हैं।

### स्थानीय सामाजिक कुत्ते करते हैं सुरक्षा

बाहरी शिकारी (फेरल) कुत्तों के विपरीत हमारे गांव, मोहल्लों में रहने वाले कुत्ते बाहरी शिकारी कुत्तों, सियार, चोरों आदि से हमारी सुरक्षा करते हैं। वे अदृश्य रूप से हमारी सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहे होते हैं इसलिए स्थानीय कुत्तों को हटाने से बाहरी शिकारी कुत्तों, सियार, चोरों के हमले भी बढ़ सकते हैं। इसीलिए जंगलों के किनारे के गांवों में लोग स्वयं कुत्ते पालते हैं। स्थानीय कुत्तों में रेबीज के संक्रमण का खतरा बहुत कम होता है क्योंकि वे एक छोटे इलाके में रहते हैं जबकि फेरल शिकारी कुत्ते, सियार आदि में रेबीज़ संक्रमण का खतरा भी अधिक होता है। अत: हमारी गलियों के कुत्ते शिकारी कुत्तों को आने से रोककर रेबीज़ संक्रमण पर नियंत्रण रखते हैं। स्थानीय कुत्ते जानलेवा हमले नहीं करते बल्कि सताए जाने पर दांत गड़ा सकते हैं। विरले स्थिति में स्थानीय कुत्ते किसी बीमारी से पीड़ा का शिकार हो जाते हैं जिससे वे सामने पड़ने वाले लोगों, पशुओं को काटने लगते हैं। ऐसी स्थिति में ऐसे कुत्तों का उपचार कराना चाहिए। हर तीन माह पर पेट के कीड़े की दवा देने से कुत्तों में ऐसी समस्या से बचाव हो सकता है।

### हमें क्या करना चाहिए

● हमें अपने गांव, मोहल्ले के स्थानीय कुत्तों के साथ प्रेमपूर्वक ढंग से पेश आना चाहिए, उनसे द्वेष न रखकर उनका ध्यान रखना चाहिए ताकि वे हमारी सुरक्षा में मुस्तैद रहें। ● हम अपने गली, मोहल्ले के कुत्तों को किसी पैरावेट के मदद से एंटी रेबीज वैक्सीन लगा सकते हैं। एक कुत्ते की वैक्सीन का मूल्य महज 40–50 रुपए आता है। उन्हें पेट के कीड़े की दवा भी देना चाहिए। ● नगर निकायों की मदद से हम अपने गांव, मोहल्ले के कुत्तों का वैक्सीनेश व बधियाकरण भी करा सकते हैं। ● लोगों को जागरूक करना चाहिए कि हमारे स्थानीय कुत्ते कितने महत्वपूर्ण हैं और उनके साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए। ● यदि कभी किसी कुत्ते का दांत या नाखून लग जाए तो उसे बहते पानी से 10 मिनट धुलना चाहिए और एंटी रेबीज वैक्सीन भी लेना चाहिए। ● प्रशासन को मांस, मछली की दुकानों द्वारा आसपास पशुओं के अपशिष्ट के फेंके जाने पर रोक लगाना चाहिए जो ऐसे शिकारी कुत्तों को आकर्षित करते हैं। ● बच्चों को हमें यह सीख भी देना चाहिए कि वे कुत्तों को परेशान न करें अन्यथा कभी कभी परेशान करने पर भी कुत्ते पलटकर काट सकते हैं।

**- अभिषेक दुबे,** नेचर क्लब गोंडा

# बंदूक की नोक पर बार-बालाओं को नोट देने का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो मामले में मोतीगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वीडियो में एक युवक बार-बालाओं को बंदूक की नोक पर नोट लगाकर पैसे देता दिखाई दे रहा था। मामला संज्ञान में आते ही पुलिस हरकत में आई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक मोतीगंज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने धानेपुर थाना क्षेत्र के खिरिया उज्जैनी कला निवासी अमरनाथ तिवारी उर्फ चच्चू को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से लाइसेंसी बंदूक भी बरामद की है। विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराया गया और बाद में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि यह घटना बीते 16 फरवरी को मोतीगंज क्षेत्र के छछपारा कानूनगो ग्राम पंचायत के किशुनपुरवा में आयोजित तिलक समारोह में हुई थी। कार्यक्रम में युवक द्वारा खुलेआम हथियार लहराते हुए बार-बालाओं पर रुपये लुटाने का वीडियो किसी ने बना लिया, जो वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू की और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा ने बताया सार्वजनिक कार्यक्रमों में हथियारों का दुरुपयोग करने के मामले में वीडियो वायरल होने पर एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। शस्त्र को भी कब्जे में ले लिया गया है।

### अवध टैक्स बार के महामंत्री ने जिला बार के पदाधिकारियों का किया सम्मान


बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** अवध टैक्स बार एसोसिएशन के महामंत्री अमित कुमार गर्ग कार्यकारिणी साथियों के साथ बार एसोसिएशन पदाधिकारी कक्ष में पहुंचकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र त्रिपाठी व महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय, वरिष्ठतम उपाध्यक्ष विनय तिवारी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर माल्यार्पण कर सम्मानित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि आम अधिवक्ताओं के साथ साथ आम जनमानस का कल्याण मेरा लक्ष्य है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र त्रिपाठी इस बार आठवीं बार बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गये हैं जो मंडल ही नहीं बल्कि प्रदेश में गौरव की बात है। अवध टैक्स बार एसोसिएशन के महामंत्री ने अधिवक्ताओं की कुछ समस्याओं को रखा जिसे नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने शीघ्र निस्तारण की बात कही। स्वागत अभिनंदन समारोह में अशोक कुमार गुप्ता, पवन सोनी, अर्जुन वर्मा, शैलेन्द्र कश्यप, अशोक कुमार पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, राम फेर प्रजापति, नरेन्द्र सिंह राणा, शम्भु तिवारी आदि मौजूद रहे।

### डुग्गी मुनादी कर शुरू की कुर्की की कार्रवाई


आरोपी के घर नोटिस चस्पा कर डुग्गी मुनादी कराते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** कूटरचना कर जमीन का बैनामा करने और धोखाधड़ी के मामले में वांछित दो अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा की कार्रवाई की गई। मंगलवार को अपराध शाखा गोंडा की टीम ने दोनों अभियुक्तों के घर पहुंचकर डुग्गी मुनादी कराते हुए नोटिस चस्पा की। निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह के अनुसार अभियुक्ता संगीता सिंह निवासी मधवापुर थाना मनकापुर व अभियुक्ता संजू देवी निवासी सेहरिया थाना परसुरामपुर बस्ती के विरुद्ध थाना तरबगंज में वर्ष 2022 में मुकदमा दर्ज था। जिसमे दोनों लंबे समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रही थीं। इस पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा आदेश जारी किया गया। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस बल व महिला आरक्षियों के साथ दोनों अभियुक्ताओं के आवास पर पहुंचकर नोटिस चस्पा कराया और डुग्गी मुनादी कराते हुए उद्घोषणा की कार्रवाई पूरी कराई गयी।

### जीवन के मोह-माया से मुक्त कराती है भागवत

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** घुनाही गांव में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में कथा व्यास सौरभ शास्त्री (वत्स) ने श्रीमद्भागवत के माहात्म्य का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा कि यह पावन कथा केवल आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग ही नहीं दिखाती, बल्कि जीवन के दुख, संताप और मोह–माया से ग्रस्त मनुष्य को सच्चे सुख और शांति की अनुभूति भी कराती है। उन्होंने कहा कि कलयुग में श्रीमद्भागवत का श्रवण और स्मरण ही वह दिव्य साधन है, जो मनुष्य को जीवन–मृत्यु के अंतहीन चक्र से मुक्ति दिलाकर मोक्ष के पथ पर अग्रसर करता है। इस अवसर पर रमेश मिश्र, संतोष शुक्ल, प्रमोद तिवारी, विनोद तिवारी, अनिरुद्ध उपाध्याय, आदित्य सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, खुशीराम यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


कथा सुनाते सौरभ शास्त्री।

### रक्षामंत्री पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में अवध केसरी सेना का अध्यक्ष गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** अवध केसरी सेना के अध्यक्ष नीरज सिंह को गाजियाबाद पुलिस ने उनके गांव खिरिया मजगवा स्थित आवास से गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि मंगलवार की रात सादी वर्दी में आधा दर्जन लोग नीरज सिंह के घर पहुंचे और उनसे बयान लेने की बात कहकर अपने साथ ले गए। इसके बाद से उनका कोई स्पष्ट पता नहीं चल पा रहा था। इस बीच उनसे जुड़े लोगों ने सोशल मीडिया पर अपहरण या किसी साजिश की आशंका जताते हुए पोस्ट साझा करनी शुरू कर दी, जिससे मामला और तूल पकड़ गया। बाद में जानकारी सामने आई कि नीरज सिंह द्वारा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लेकर की गई कथित अभद्र टिप्पणी वायरल हुई थी। इसी टिप्पणी के आधार पर गाजियाबाद में उन पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सूत्रों के अनुसार गाजियाबाद पुलिस मंगलवार देर शाम जिले में पहुंची और विधिक कार्रवाई के तहत उन्हें अपने साथ ले गई। वजीरगंज थाना अध्यक्ष विपुल पांडे ने बताया कि नीरज सिंह के खिलाफ गाजियाबाद में मुकदमा दर्ज था जिसके तहत उनको हिरासत में लिया गया है।

### चौकी प्रभारी समेत 60 पुलिसकर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

**गोंडा, अमृत विचार :** कानून–व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से एसपी विनीत जायसवाल ने बदलाव किया है। कटरा बाजार थाना क्षेत्र की माधवपुर चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक पवन कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। उन्हें तरबगंज थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है। वहीं, थाना कौड़िया में तैनात उपनिरीक्षक शुभम दुबे को माधवपुर चौकी का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। बताया जा रहा है कि पवन कुमार सिंह के कार्य के प्रति लगातार लापरवाही की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने यह कार्रवाई की है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, चौकी क्षेत्र में फरियादियों की समस्याओं के समाधान में ढिलाई बरते जाने की बात सामने आई थी। पुलिस अधीक्षक ने इस स्थानांतरण के अलावा 59 पुलिसकर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है।

### काव्य गोष्ठी में गूंजा मोहब्बत व भाईचारे का संदेश

**करनैलगंज, अमृत विचार :** साहित्यिक संस्था बज़्म ए शामे ग़ज़ल की ओर से मोहल्ला सकरौरा में तरही नशिस्त (काव्य गोष्ठी) का आयोजन किया गया। संरक्षण गणेश तिवारी नेश व अब्दुल गफ्फार ठेकेदार ने किया। अध्यक्षता मुजीब अहमद सिद्दीक़ी व संचालन मोहम्मद याकूब सिद्दीकी अज़्म ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत शोक प्रस्ताव से हुई। जिसमें दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। आगाज़ में मु. मुबीन मंसूरी व हाफिज निजामुद्दीन शम्स ने तरही नात पेश किये। शायरों ने अपने कलाम प्रस्तुत किए। अध्यक्ष मुजीब सिद्दीक़ी, मु. मुबीन मंसूरी, हाफिज निजामुद्दीन शम्स, यासीन राजू अंसारी, अभिषेक श्रीवास्तव व इमरान मसऊदी सहित ताज मुहम्मद कुर्बान, नजमी कमाल गोंडवी, रशीद माचिस, सलीम बेदिल, अलीम जरवली व अल्हाज गोंडवी ने भी अपने कलाम पेश किए। मकसूद बेग रहबर का कलाम भी पढ़ा गया। इस मौके पर अब्दुल कय्यूम सिद्दीक़ी, हरीश शुक्ल, हाफ़िज़ हिसामुद्दीन, आशिक रसूल, खुर्शीद आलम, मास्टर एम. इक़बाल, सोनू श्रीवास्तव, इख़लाक वारिस, आदिल असलम खां, मेराजुद्दीन व अशरफ सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

### वाहन टकराने के विवाद में मारपीट

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** रेलवे क्रॉसिंग के पास वाहन टकराने के विवाद में एक युवक से मारपीट और धमकी देने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित अमलेष उपाध्याय, निवासी किशुनदासपुर, ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि वह गैस सिलेंडर लेकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रेलवे क्रॉसिंग के पास वाहन टकराने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि रमन यादव, अजय यादव, विनय यादव तथा एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें रोक लिया और गाली–गलौज करते हुए बेरहमी से मारपीट की। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के दौरान रमन यादव खुद को केंद्रीय मंत्री का निजी सचिव बताकर धौंस जमाता रहा और प्रभाव का दबाव बनाकर धमकियां देता रहा। पीड़ित ने यह भी बताया कि आरोपी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर भी बाकायदा खुद को केंद्रीय मंत्री का निजी सचिव लिख रखा है, जिससे वह लोगों पर रौब जमाता है। पीड़ित के अनुसार मारपीट के बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली–गलौज और धमकी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### सुशील जेम्स को सौंपी गई कॉलेज की कमान

**नवाबगंज, गोण्डा, अमृत विचार :** क्षेत्र के नगवा गांव व कस्बे की सीमा पर स्थित जेम्स हार्वी मेमोरियल इंटर कॉलेज में प्रबंध समिति ने आपसी मतभेदों को समाप्त करते हुए वरिष्ठ शिक्षक सुशील जेम्स को कार्यवाहक प्रधानाचार्य नियुक्त किया है। 17 फरवरी को उन्होंने प्राचार्य कक्ष में विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालने के बाद सुशील जेम्स ने कहा कि विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासन और प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी अध्यापकों के सहयोग से मौजूद कमियों को दूर कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने का संकल्प व्यक्त किया।

### होली पर चलेंगी दो जोड़ी विशेष ट्रेनें

**गोंडा, अमृत विचार :** चार मार्च को होली पर्व को देखते हुए दो स्पेशल ट्रेन संचालित किया जाएगा। दिल्ली व चण्डीगढ़ से आने जाने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने दो जोड़ी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जिसमें एक ट्रेन 26 फरवरी से 6 मार्च के बीच गोरखपुर से चण्डीगढ़ तथा दूसरी ट्रेन 27 फरवरी से 7 मार्च के बीच आनन्दविहार से लौकहा के बीच, यह दोनों वाया गोंडा होकर चलेगी। इससे देवीपाटन मुख्यालय के लोगों को पंजाब, हरियाणा व राजधानी के लिए सफर करने में राहत मिलेगी।

### युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

**गोंडा, अमृत विचार :** युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बालपुर जाट के रहने वाले केवल बहादुर सिंह के 28 वर्षीय बेटे अमरेश बहादुर ने फांसी लगाकर जान दे दी। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का आह्वान

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** होली व रमजान पर्व को लेकर बुधवार सायं स्थानीय थाना परिसर में गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक की गयी। बैठक में सामंजस व सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का आह्वान किया गया। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडेय ने दोनों समुदायों के लोगों से शांति व सौहार्द पूर्वक पर्व मनाने की अपील की। नशा करके हुड़दंग व माहौल खराब करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी। उन्होंने कहा कि पर्व संबंधी कोई भी समस्या होने पर थाने पर जानकारी दें, जिससे समय पर उसका निराकरण किया जा सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से धर्मेंद्र मिश्र, मनीष प्रताप सोनी, रिंकू ओझा, समसुद्दीन अंसारी, वहीद अंसारी, शिवमंगल मौर्य, अवधेश तिवारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दो पक्षों में मारपीट, छह पर मुकदमा दर्ज

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** इटियाथोक थाना क्षेत्र के भवानीपुर चौकी अंतर्गत ग्राम बरेली में रास्ते के विवाद को लेकर देर रात दो पक्षों में मारपीट हो गई। राम फेर ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर जग प्रसाद आदि ने मारपीट की और घर की ईंट की दीवार तोड़ दी। उन्हें बचाने पहुंची उनकी पत्नी और बच्चों की भी पिटाई कर दी। घटना की सूचना पुलिस चौकी भवानीपुर खुर्द पर दी गई। प्रभारी चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार रमन ने बताया कि मारपीट के आरोप में दोनों पक्षों के तीन-तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

### दो किशोरियों के लापता होने से मचा हड़कंप

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** तरबगंज थाना क्षेत्र के दो गांवों से एक ही दिन में दो नाबालिग लड़कियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को एक गांव से एक 17 वर्षीया लड़की घर से स्कूल निकली थी लेकिन घर वापस नहीं लौटी। वहीं दूसरे गांव से 16 वर्षीया लड़की घर से महाशिवरात्रि का मेला देखने के लिए शिव मंदिर गई हुई थी जो वापस घर नहीं पहुंची। जिससे परिवार वाले परेशान हैं। संभावित स्थानों पर तलाश के बावजूद उसका कहीं भी पता नहीं चल सका है। दोनों किशोरियों के परिवारवालों ने थाने पर उनके लापता होने की सूचना दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। लड़कियों की तलाश की जा रही है।

# आज से रमजान का आगाज, बाजारों में खरीदारी का दौर

- **खजूर-सेवईं से सजीं दुकानें, देर रात तक बाजारों में उमड़ रही भीड़**



बाजार में खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, उतरौला, अमृत विचार :** पवित्र माह रमजान की शुरुआत आज से होते ही शहर के बाजारों में रौनक अपने शबाब पर पहुंच गई है। पहले रोजे के साथ ही इफ्तार और सेहरी की तैयारियों ने बाजारों को गुलजार कर दिया है। बलरामपुर के मुख्य बाजार, सराय फाटक, पहलवारा, भगवतीगंज और आसपास के इलाकों में फलों, खजूर, सेंवई, पापड़ और रोजमर्रा की खाद्य सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देखने को मिल रही है।

रमजान की पहली सुबह और इफ्तार को खास बनाने के लिए लोग जरूरी सामान जुटाने में लगे हैं। दुकानदारों ने भी रोजेदारों की जरूरतों को देखते हुए पहले से ही व्यापक इंतजाम कर रखे हैं। बाजारों में खजूर की दर्जनों किस्में, फेनी, लच्छा सेंवई, सुफेनी, पापड़ और इफ्तार में इस्तेमाल होने वाले अन्य सामान आकर्षक ढंग से सजाए गए हैं।

**इफ्तार-सेहरी की तैयारियों ने बढ़ाई चहल-पहल :** मस्जिदों के आसपास फेनी, लच्छा और सुफेनी सेंवई की ढेरियां सजी दिख रही हैं। डबल रोटी, टोस्ट, सूजी और मैदा से बने उत्पादों की मांग में भी इजाफा हुआ है। फल मंडियों में केले, सेब, अंगूर के साथ खजूर की खास आवक हुई है। दुकानदारों का कहना है कि पहले रोजे को लेकर लोगों में खास उत्साह रहता है, इसलिए आज बाजारों में खरीदारी सबसे ज्यादा हो रही है। फल विक्रेता जुबैर के मुताबिक इस बार खुले और पैक-दोनों तरह के खजूर उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 160 रुपये से लेकर 500 रुपये तक है, ताकि हर वर्ग के लोग अपनी सुविधा के अनुसार खरीदारी कर सकें। वहीं सेवईं विक्रेता हसन बताते हैं कि सुफेनी सेवईं 140 रुपये प्रति किलो और लच्छा सेवईं 120 रुपये प्रति किलो बिक रही है।

**कपड़ा बाजार भी रंगीन :** रमजान की शुरुआत के साथ ही कपड़ों की दुकानों पर भी रौनक बढ़ गई है। नए डिजाइन के कुर्ता-पायजामा, अबाया और बच्चों के परिधानों की खरीदारी जोरों पर है। कई दुकानों पर विशेष सेल भी लगाई गई है।

# पहले दिन 1897 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

## यूपी बोर्ड परीक्षा : हिंदी का प्रश्नपत्र रहा सरल, कड़ी निगरानी में संपन्न हुई परीक्षा

संवाददाता, बलरामपुर



परीक्षा केंद्र के गेट पर मौजूद परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में हुआ। जिले के 66 परीक्षा केंद्रों पर सघन तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। पहले दिन दोनों पालियों में हिंदी विषय की परीक्षा आयोजित हुई। कुल 35,600 पंजीकृत छात्र-छात्राओं में से 33,703 परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1,897 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में हाईस्कूल के 20,792 में से 19,752 छात्र उपस्थित रहे और 1,040 ने परीक्षा छोड़ी। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के 14,808 में से 13,951 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 857 अनुपस्थित रहे। महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद इंटर कॉलेज से बाहर निकले छात्रों ने बताया कि हिंदी का प्रश्नपत्र सरल रहा और अधिकांश प्रश्न पाठ्यक्रम से थे। डीआईओएस मृदुला आनंद ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर सीसीटीवी व्यवस्था का जायजा लिया। नगर स्थित एमपीपी इंटर कॉलेज में बनाए गए ऑनलाइन कंट्रोल रूम से सभी केंद्रों की निगरानी की गई। तीन जोनल, नौ सेक्टर मजिस्ट्रेट व पांच सचल दल परीक्षा अवधि में सक्रिय रहे, जिससे परीक्षा नकलविहीन संपन्न हुई।

## प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं संपन्न

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मां पाटेश्वरी विवि में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गयीं। विवि की ओर से जारी जानकारी के अनुसार परीक्षाएं 20 जनवरी से 8 फरवरी तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों की शेष परीक्षाएं 9 से 18 फरवरी तक आयोजित की गईं। इन परीक्षाओं में देवीपाटन मंडल के चारों जनपद बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच एवं गोंडा के 182 महाविद्यालयों से लगभग 67,800 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। परीक्षा नियंत्रक दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि परीक्षाएं शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराई गईं। कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में स्थापित विश्वविद्यालय की यह पहली परीक्षा व्यवस्था एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि है।

## हादसे को दावत



बलरामपुर से वाया तुलसीपुर होते हुए कपिलवस्तु लुंबिनी नेपाल तक जाने वाले एनएच 730 पर स्थित बिजली पचर बाजार में सड़क के बीच बना यह गड्ढा जानलेवा हो गया है। आए दिन बाइक सवार व अन्य वाहन चलाने वाले लोग इसमें फंसकर या तो अपनी जान दे रहे हैं या गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं। इस जानलेवा गड्ढे को बंद करने के लिए ना तो एनएचएआई और ना ही स्थानीय प्रशासन कोई ध्यान दे रहा है। स्थानीय लोगों ने शासन प्रशासन से इस समस्या के त्वरित समाधान की मांग की है। ● अमृत विचार

## पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट

**छपिया, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मोकलपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार की रात दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों ओर से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। रामसुख यादव ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 17 फरवरी की रात सुभाष, दीपचन्द्र पुत्र सुभाष, अभिलाख व महेश पुरानी रंजिश को लेकर उनके घर पहुंच गए। मारपीट की गई। दूसरे पक्ष के सुभाष कुमार यादव का आरोप है कि रामसुख यादव, कमला देवी पत्नी रामजस, केवला देवी पत्नी अजात व सोनू यादव पुत्र रामसुख ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

## महिला पर हमला व केमिकल अटैक करने वाले दो दोषियों को उम्रकैद

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर सख्त कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन कनविक्शन में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पीड़िता के सिर पर धारदार हथियार से हमला करने और चेहरे पर केमिकल फेंकने के मामले में न्यायालय ने दो अभियुक्तों को उम्रकैद व 2,02,500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मामला 29 मार्च 2025 का है, जब थाना गौरा चौराहा क्षेत्र के ग्राम महरी के पास एक महिला गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली थी। इलाज के दौरान पीड़िता ने अभियुक्तों द्वारा जान से मारने की नीयत से हमला और केमिकल अटैक की जानकारी दी।

विवेचना तत्कालीन निरीक्षक अनिल कुमार सिंह द्वारा समयबद्ध ढंग से पूर्ण कर आरोपपत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में जिला एवं सत्र न्यायालय, बलरामपुर में प्रभावी पैरवी अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) कुलदीप सिंह व मॉनिटरिंग सेल टीम द्वारा की गई। साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त अजय कुमार उर्फ गौरी शंकर व धर्मेन्द्र सोनी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# कांशीराम आवासों में अवैध कब्जों पर सख्ती

- **600 आवासों का हुआ सत्यापन अपात्रों का आवंटन निरस्त**

**बलरामपुर, अमृत विचार:** नगर पालिका क्षेत्र स्थित कांशीराम कॉलोनियों में अपात्र एवं अवैध रूप से निवास करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने कड़ा संज्ञान लिया है। उनके निर्देश पर नगर पालिका एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच एवं स्थलीय सत्यापन कराया गया, जिसके बाद प्रशासन ने व्यापक और निर्णायक कार्रवाई शुरू कर दी है।

जांच के दौरान कुल 600 आवासों का भौतिक सत्यापन किया गया। इसमें 259 आवास तालाबंद पाए गए, जिनमें मूल आवंटी स्वयं निवास नहीं कर रहे थे, जबकि 216 आवासों में अवैध निवासी रह रहे थे, जो आवंटन के पात्र नहीं हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन आवासों में अवैध रूप से लोग निवास करते पाए गए हैं, उन सभी का आवंटन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। वहीं, तालाबंद आवासों के मूल आवंटियों को 15 दिवस का समय दिया गया है। इस अवधि में उन्हें अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) कार्यालय में लिखित सूचना/प्रार्थना पत्र देकर अनुमति प्राप्त करनी होगी, अन्यथा ऐसे आवासों को रिक्त घोषित कर दिया जाएगा।

प्रशासन ने यह भी बताया कि रिक्त होने वाले सभी आवासों का पुनः आवंटन पूर्ण पारदर्शिता के साथ पात्रता एवं लॉटरी प्रणाली के आधार पर किया जाएगा, ताकि वास्तविक जरूरतमंदों को योजना का लाभ मिल सके और किसी भी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश न रहे।

अवैध निवासियों एवं तालाबंद आवासों की विस्तृत सूची (आवास संख्या सहित) नगर पालिका परिषद कार्यालय, तहसील सदर एवं सदर ब्लॉक कार्यालय में चस्पा कर दी गई है।

नगर पालिका परिषद, बलरामपुर के अधिकारियों ने कहा कि सरकारी आवास योजनाओं में किसी भी तरह की लापरवाही या दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



जरूरतमंदों को रमजान किट बांटते संस्था के लोग। ● अमृत विचार

## अभिव्यक्ति ने बांटी 150 से अधिक रमज़ान किट

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था 'अभिव्यक्ति' ने बुधवार को 150 से अधिक गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच रमज़ान किट का वितरण किया। संस्था के सदस्यों ने बताया कि पवित्र माह रमज़ान को खुशगवार बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। संस्था के सदस्य सीमाब जफर डब्बू ने बताया कि संस्थापक मरहूम डॉ. शेहाब ज़फ़र द्वारा शुरू की गई खिदमत-ए-खल्क की परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अवसर पर एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अबुल हाशिम खान समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**निर्देश** | उप निबंधक कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण, पंजीकरण कार्यों में ऑनलाइन प्रणाली के अधिकतम उपयोग पर दिया जोर

# सरकारी भूमि की गाटा संख्या पोर्टल पर करें फीड

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में राजस्व एवं पंजीकरण से जुड़े कार्यों को पारदर्शी, सुगम और जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने मंगलवार को उप निबंधक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रखरखाव और राजस्व संबंधी प्रक्रियाओं का गहन अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों की जांच कर उनके नियमित एवं अद्यतन रखरखाव पर विशेष बल दिया। स्टाम्प शुल्क एवं ई-फीस से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पंजीकरण कार्य निर्धारित नियमों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न कराए जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। भूमि बैनामा प्रक्रिया का जायजा लेते हुए डीएम ने कहा कि संपत्ति पंजीकरण में पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को ऑनलाइन प्रणाली का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने और किसी भी शिकायत या अनियमितता की स्थिति में कार्रवाई के निर्देश दिए। सभी सरकारी भूमि की गाटा संख्या शत-प्रतिशत पोर्टल पर फीड करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि सरकारी भूमि के डिजिटलीकरण से अवैध कब्जों पर प्रभावी रोक लगेगी और कार्रवाई अधिक मजबूत होगी।

उन्होंने कार्यालय में स्वच्छता, अनुशासन और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



उप निबंधक कार्यालय का निरीक्षण करते डीएम। ● अमृत विचार

## एडीजी गोरखपुर जोन ने की अपराध समीक्षा



रिजर्व पुलिस लाइन में अपराध समीक्षा बैठक करते एडीजी जोन व अन्य।

**बलरामपुर अमृत विचार :** पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें मुथा अशोक जैन अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन ने एसपी विकास कुमार के साथ जनपद के समस्त थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। लंबित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण और सीसीटीएनएस के माध्यम से अपराधियों की निगरानी के निर्देश दिए गए। आगामी होली, रमजान, महाशिवरात्रि व चैत्र नवरात्रि के मद्देनजर संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च, पीस कमेटी बैठकें और सतत निगरानी के निर्देश भी जारी हुए। 'कॉन्टेक्ट टू अरेस्ट' अभियान के तहत वांछितों की गिरफ्तारी, नेपाल बॉर्डर पर चेकिंग व खुफिया तंत्र को सक्रिय करने पर जोर दिया गया। बैठक में सीओ ललिया डीके श्रीवास्तव, उतरौला राघवेन्द्र सिंह व तुलसीपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आरएस क्रिकेट एकेडमी बनी चैंपियन



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते पूर्व सांसद प्रतिनिधि पंकज मिश्र व अन्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** ग्रामीण प्रीमियम लीग चौधरीडीह के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आरएस क्रिकेट एकेडमी और भिनोहनी के बीच खेला गया। आरएस क्रिकेट एकेडमी ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। फाइनल मैच का शुभारंभ पूर्व सांसद दद्दन मिश्र के प्रतिनिधि पंकज मिश्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। समापन अवसर पर उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। पंकज मिश्र ने कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। सरकार भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है। इस दौरान पूर्व प्रधान सिकंदरबोझी, गुलाब सिंह, श्रीराम जी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुजारी यादव, प्रधान बच्चू यादव आदि मौजूद रहे।

## सीएमओ ने किया पोषण दिवस का निरीक्षण



ग्रामीण स्वास्थ्य पोषण व्यवस्था का निरीक्षण करते सीएमओ। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** विकास खंड बलरामपुर के ग्राम कटरा शंकर नगर स्थित पंचायत भवन में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वीएचएनडी) का बुधवार को सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। सीएमओ ने स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि सभी पात्र गर्भवती महिलाओं और बच्चों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर परमीना खातून, आंगनवाड़ी कार्यकत्री रूपा मिश्रा, आशा सावित्री देवी, गीता देवी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## एनसीसी कैडेट का भारतीय नौसेना में चयन



नौसेना में चयनित एनसीसी कैडेट का सम्मान करते प्राचार्य व अन्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज के एक और एनसीसी कैडेट ने भारतीय नौसेना में चयनित होकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। तहसील तुलसीपुर निवासी ननकन व उषा के पुत्र दिलीप कुमार बचपन से ही सेना में सेवा का सपना संजोए हुए थे। इस सपने को नई दिशा तब मिली, जब उन्होंने एनसीसी कैडेट के रूप में अपना सफर शुरू किया। वर्ष 2024 में महाविद्यालय से एनसीसी का 'सी' सर्टिफिकेट उत्तीर्ण किया। प्राचार्य प्रो. जेपी पाण्डेय एवं एसो. एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट (डॉ.) देवेन्द्र कुमार चौहान ने स्मृति चिह्न प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया। दिलीप ने अपनी उपलब्धि का श्रेय गुरुजनों, माता-पिता और मित्रों को दिया। समारोह में प्रो. विमल प्रकाश वर्मा, डॉ. दिनेश कुमार मौर्य व डॉ. एस.के. त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## बिना पंजीकरण संचालित दो अस्पताल सील



अवैध स्वास्थ्य संस्थान सील करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर, अमृत विचार :** महदेईया बाजार क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन अवैध रूप से संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए नेहा हेल्थ क्लीनिक एवं श्री हॉस्पिटल को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान एसीएमओ डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव, सीएचसी श्रीदत्तगंज के अधीक्षक राजेश हंस, आशुतोष सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों के खिलाफ जागरूकता रैली



रैली निकालते गन्ना विभाग व चीनी मिल के अधिकारी व कर्मचारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बलरामपुर चीनी मिल लि. द्वारा अनुपयुक्त व अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों के स्थान पर स्वीकृत एवं उन्नतशील प्रजातियों की बुवाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। 18 फरवरी को जिला गन्ना अधिकारी की अध्यक्षता में चीनी मिल गेट से रैली को रवाना किया गया। कार्यक्रम में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) केपी सिंह, सहायक महाप्रबंधक व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मिल प्रबंधन ने वैज्ञानिक विधि से खेती कर उत्पादन बढ़ाने और अधिक गन्ना आपूर्ति कर अतिरिक्त पर्चियों का लाभ लेने की सलाह दी।

**न्यूज ब्रीफ**

### छेड़खानी व मारपीट का केस दर्ज

**मल्हीपुर( श्रावस्ती ) :** हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती की तहरीर पर पुलिस ने एक पर छेड़खानी व दो महिलाओं समेत तीन के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। युवती ने तहरीर में आरोप लगाया कि मंगलवार को वह खेत में बरसीन काटने गई थी। इस दौरान टेपरी गांव निवासी अरविन्द कुमार पुत्र छविलाल सोनकर खेत में आया और उसके साथ छेड़खानी करने लगा। जब अपने बचाव में शोरगुल करने लगी तो अरविन्द के साथ ही उसकी मां व जगदीश की पत्नी ने उसके साथ मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। युवती की तहरीर पर पुलिस ने अरविन्द के विरुद्ध छेड़खानी व दोनों महिलाओं समेत तीनों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### आग से चार फूस के मकान जलकर राख

**सिरसिया ( श्रावस्ती ) :** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लखाही बेनीनगर में मंगलवार शाम रामपाल यादव के फूस के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। दखते ही देखने आग की लपटों ने पड़ोसी भारत लाल, हरपाल व पप्पू के घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। इससे चारो के घर धूं धूं कर जलने लगे। अग्निकांड की घटना से गांव में अफरा तफरी मच गई। लोगों की ओर से पुलिस व फायर विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस के साथ पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इस दौरान आग की चपेट में आने से एक बाइक, टिल्लू पम्प, साइकिल, बिस्तर, अनाज समेत घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। अग्निकांड में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### पति समेत दो के विरुद्ध केस दर्ज

**जमुनहा ( श्रावस्ती ) :** हरदत नगर गिरंट थाना क्षेत्र के मुलायम पुरवा गांव निवासी रुखसार ( 24 ) पत्नी नफीस की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मैत हो गई थी। उसका शव उसी के कमरे में फांसी के फंदे से लटका था। मृतका की मां ने तहरीर देकर पति समेत ससुरालियों पर प्रताड़ता व दहेज हत्या का आरोप लगाया था। इस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। पुलिस की ओर से पति नफीस समेत दो के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना व दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया है।

### जिला उद्योग बन्धु की बैठक कल

**बहराइच :** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच ने बताया कि 20 फरवरी को अपरान्ह 04 :30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं एम .ओ .यू . से सम्बन्धित बैठक आहूत की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जिले के उद्यमियों, व्यापारियों एवं निर्यातकों से अपेक्षा की है कि बैठक में समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से समिति को अवगत करायें।

### खेत में फंदे से लटका मिला किसान का शव

**जमुनहा ( श्रावस्ती ) :** सोनवा थाना क्षेत्र के ग्राम चंद्रखा बुजुर्ग के मजरा जिगिनिहा गांव निवासी किसान दुईजीराम ( 50 ) पुत्र मायादीन बुधवार सुबह साइकिल लेकर खेत देखने गया था। जिनका शव संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में पेड़ के सहारे रबड़ की रस्सी के फंदे में लटका मिला। कुछ लोग खेत से वापस घर आ रहे थे तो उनकी नजर फंदे से लटकते शव पर पड़ी। लोगों की ओर से घटना की सूचना परिजनों को दी गई। सूचना पर परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

# पहले चुनौती से कम नहीं था घाघरा पार करना

## मरम्मत होने से पहले पीपे के पुल की बुजुर्गों की चर्चा ने ताजा की 1984 से पहले की पुरानी यादें

**संवाददाता, जरवलरोड, (बहराइच)**

**अमृत विचार।** संजय सेतु की मरम्मत से पहले वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में प्रस्तावित पीपे के पुल की चर्चा ने क्षेत्र के बुजुर्गों की स्मृतियों को फिर जीवंत कर दिया है। वर्ष 1984 से पूर्व जब पक्का पुल अस्तित्व में नहीं था, तब लोगों के लिए घाघरा नदी पार करना किसी चुनौती से कम नहीं था।

जिले के कई लोगों ने बताया कि स्टीमर, नाव और जलस्तर कम होने पर अस्थायी पीपे का पुल ही आवागमन का एकमात्र सहारा हुआ करता था। उन्होंने पुल से पार जाने को लेकर अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि पीपे का पुल हिलता-डुलता जरूर था, लेकिन वही जीवनरेखा था। लोग एक-दूसरे का हाथ पकड़कर पुल पार कराते थे। आपसी सहयोग ही सबसे बड़ा सहारा था। ग्रामीणों का कहना है कि समय के साथ साधन बदल गए, लेकिन घाघरा की धारा आज भी उतनी ही प्रबल है। यदि अस्थायी पीपे का पुल बनाया जाता है तो सुरक्षा, सुचारु प्रबंधन और तकनीकी मजबूती पर विशेष ध्यान देना आवश्यक होगा, ताकि *तीत की कठिनाइयां केवल यादों तक सीमित रहें और वर्तमान में दोहराई न जाएं। पुरानी यादों के झरोखे से झांकती यह कहानी बताती है कि विकास की राह में संघर्ष की ये दास्तानें ही असली आधार रही हैं।

पुल पार करने को लेकर समाजसेविका माधुरी सिंह (85 वर्ष) ने भावुक होकर बताया कि मायके जाने के लिए उन्होंने कई बार नाव से नदी पार की है। गोद में बच्चे और सिर पर सामान लेकर नाव में

- **ग्रामीणों का कहना-समय के साथ साधन बदल गए**

बैठते समय धड़कनें तेज हो जाती थीं। आज पक्का पुल देखकर उन्हें समय के बदलाव का अहसास होता है।


लाल बिहारी गुप्ता।


माधुरी सिंह।


ओंकार नाथ सैनी।


श्रवण कुमार।


देवी दत्त मिश्रा।

वहीं व्यवसायी लाल बिहारी गुप्ता (85 वर्ष) के अनुसार, जब जलस्तर कम होता था तब पीपे का अस्थायी पुल डाला जाता था। लकड़ी और लोहे के पटरे पर साइकिल पकड़कर पार करना भी किसी साहसिक कार्य से कम नहीं था। बैलगाड़ियों को भी धीरे-धीरे और सावधानी से पार कराया जाता था। जरवल रोड के मिठाई व्यवसायी ओंकार नाथ सैनी (85 वर्ष) बताते हैं कि सुबह-सवेरे लोग स्टीमर के इंतजार में लंबी लाइन लगाते थे। बरसात में नदी की तेज धारा के बीच सफर करना डरावना होता था, फिर भी वही एकमात्र विकल्प था। कई-कई घंटे इंतजार के बाद बारी आती थी।

आभूषण व्यवसायी शालिकराम सोनी (75 वर्ष) ने बताया कि नाव या स्टीमर से पार करते समय पानी का तेज बहाव हमेशा भय पैदा करता था। सफर जिम्मेदारी और धैर्य का इम्तिहान होता था।

उधर देवी दत्त मिश्रा (78 वर्ष) का कहना है कि ग्रामीणों ने उस दौर की कठिनाइयों और साहस भरे अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि नदी पार करना रोजमर्रा की जरूरत तो थी, लेकिन हर सफर जोखिम से भरा होता था।

वहीं ठाकुर भगवती सिंह ने बताया कि उस समय जरवल रोड के व्यापारी व्यापार के सिलसिले में बाराबंकी जनपद के रामनगर से चावल, गेहूं व अन्य सामान खरीदने जाया करते थे। सामान ढोना बेहद कठिन कार्य था, पहले नाव से माल उतारो, फिर दूसरी ओर गाड़ी में लादो। इसमें समय और श्रम दोनों अधिक लगते थे।

## घर के सामने गड्ढे में डूबने से मासूम की मौत, परिजनों में कोहराम

**संवाददाता, इकौना( श्रावस्ती)**

**अमृत विचार।** अकबरपुर नाज भट्ठे पर ईंट की पथाई कर रहे मजदूर का 16 महीने के बालक के घर के सामने गड्ढे में गिरकर डूब गया। परिजन उसे सीएचसी इकौना लाए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम इकौना देहात महादा निवासी कल्लू चौहान पुत्र ननकऊं ग्राम अकबरपुर स्थित नाज भट्ठे पर करीब चार माह से भट्ठे पर रहकर ईट की पथाई कर रहा था। उसके घर के सामने गंदा पानी के इकट्ठा होने के लिए गड्ढा था। जिसमें बुधवार सुबह उसका 16 माह का बालक दीपक गड्ढे में गिर कर डूब गया। पिता बच्चे की तलाश करने लगे तो काफी तलाश करने के बाद गड्ढे में हाथ डाला तो पानी में बच्चा डूबा था । इसे निकाल कर सीएचसी इकौना लाए। यहां चिकित्सक ने दीपक को मृत घोषित कर दिया।

**ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर बालक की मौत, इकौना( श्रावस्ती ):** इकौना थाना क्षेत्र के भिनगा मार्ग पर बुधवार अंधरपुरवा गांव के पास ईंट ले जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने छह वर्षीय बालक को कुचल दिया। इससे बालक की मौके पर ही मौत हो गईं

इकौना क्षेत्र में इकौना भिनगा मार्ग पर ग्राम अंधर पुरवा के मजरा बीडीसी पुरवा निवासी ओमप्रकाश का छह वर्षीय पुत्र सचिन अपने साथियों के साथ सड़क किनारे खेल रहा था। तभी इकौना की और से ईंट लेकर तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उसे रौंद दिया। इससे मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगो ने वाहन चालक को पकड़ कर ट्रैक्टर ट्रॉली सहित इकौना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मौत की सूचना पर पहुंची इकौना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है।

# बोर्ड परीक्षा में पहले दिन 1879 परीक्षार्थी अनुपस्थित

**संवाददाता, श्रावस्ती**

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हुई। पहले दिन दो पालियों में हाईस्कूल व इण्टर मीडिएट की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। हाईस्कूल में 1197 व इण्टर मीडिएट में 682 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश बोर्ड की हाईस्कूल व इण्टर मीडिएट की परीक्षा बुधवार को 41 परीक्षा केन्द्रों पर शुरू हुई। पहली पाली में हाईस्कूल व दूसरी पाली में इण्टर मीडिएट की परीक्षा सम्पन्न हुई। पहली पाली में परीक्षार्थी सुबह साढ़े छह बजे अपने अपने परीक्षा केन्द्र पहुंचे। जहां उन्हें सात बजे से केन्द्र के प्रवेश दिया गया। इस दौरान मुख्य गेट पर परीक्षार्थियों की सघन तलाशी हुई। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश मिलने के बाद आठ बजे से परीक्षा शुरू हुई। इससे 15 मिनट पहले परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र बांटे गए। पहली पाली की परीक्षा

**परीक्षा संपन्न**


सीसीटीवी की जांच करते डीएम।

सुबह आठ बजे शुरू होकर 11.45 बजे समाप्त हुई। पंजीकृत 13407 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 12210 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 1197 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो बजे से शुरू हुई। एक घंटा पहले तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा शाम 5.15 बजे समाप्त हुई। इण्टर में पंजीकृत 9277 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 8595 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे। जबकि 682 परीक्षार्थियों ने बोर्ड परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के दौरान उड़नदस्ता टीमें लगातार भ्रमणशील रहकर केन्द्रों का निरीक्षण करती रही। किसी भी केन्द्र से गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। परीक्षा के दौरान जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पुस्तकालय के कन्ट्रोलरूम से सभी परीक्षा केन्द्रों की निगरानी होती रही।

### परीक्षा के लिए स्थापित कंट्रोल रूम का डीएम ने किया निरीक्षण


कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते डीएम अक्षय त्रिपाठी।

**बहराइच।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा आयोजित आयोजित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2026 को नकलविहीन तथा सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जनसुनवाई कक्ष में कमाण्ड सेन्टर (परीक्षा कन्ट्रोल रूम) स्थापित किया जा रहा है। जनपद के 122 परीक्षा केन्द्रों पर 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक सम्पन्न होने वाली बोर्ड परीक्षाओं की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानंद व अन्य अधिकारियों के साथ कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए निगरानी के लिए स्थापित की गई टीवी स्क्रीन का निरीक्षण किया तथा तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कन्ट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान डीएम ने बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने रहे छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए निर्भिक होकर परीक्षा में सम्मिलित होने का आह्वान किया। डीएम ने बताया कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन के निर्देशानुसार जनपद में शुचितापूर्ण वातावरण में नकलविहीन बोर्ड परीक्षा सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है।

## मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार दो घायल

**इकौना( श्रावस्ती )।** इकौना थाना क्षेत्र गोविंन्दपुर मोड पर एक बुजुर्ग महिला को बचाने पर बाइक अनियंत्रित हो पलट गई। घटना में बाइक सवार अधिवक्ता सहित दो लोग घायल हो गये। उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर बिलैला के मजरा रहमुनिया निवासी अधिवक्ता ज्ञान प्रताप सिंह (36) पड़ोसी ग्राम केरवनिया निवासी पहलवान (62) पुत्र मुनीजर सिंह के साथ बाइक से इकौना तहसील आ रहे थे। सेमगढा से गोविंदपुर हाईवे मोड स्थित सरजू नहर के निकट सड़क पर अचानक वृद्ध महिला को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गये। घटना में दोनों सवार को गंभीर चोट आई। दोनों घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी इकौना में लाया गया। जहां से चिकित्सक ने अधिवक्ता को ट्रामा सेंटर बहराइच रेफर कर दिया। वहीं दूसरे सवार को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### श्रमिक को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारी टक्कर , मौत

**बहराइच।** रामगांव थाना क्षेत्र में स्थित मदनजोत ग्राम का रहने वाला विनोद उम्र 35 वर्ष मजदूरी का कार्य करता है। मंगलवार रात वो काम खत्म कर साइकिल से घर जा रहा था । जब वो बहराइच नानपारा मार्ग पर स्थित गंभीरवा बाजार के पास पहुंचा तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उसे टक्कर मार दी । हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया । पीछे से आ रहे उसके ग्राम के दो अन्य लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी । सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। गंभीर रूप से घायल विनोद को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजा गया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया कि आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### इंटर कॉलेज के भवन निर्माण का कार्य शुरू

**जरवल रोड ( बहराइच )।** उद्भव शिक्षा निकेतन में शैक्षिक विस्तार की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की गई है। विद्यालय में वर्तमान में जूनियर हाईस्कूल तक संचालित शिक्षा व्यवस्था को आगे बढ़ाते हुए अब इंटरमीडिएट स्तर तक की पढ़ाई प्रारंभ करने के लिए प्रस्तावित इंटर कॉलेज भवन निर्माण कार्य का विधिवत पूजन-अर्चन के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर यूनिट हेड टी.एस. राणा ने बताया कि यह महत्वपूर्ण चीनी मिल की तरफ से तथा क्षेत्रीय गणमान्य किसानों की मांग को गंभीरता से लेकर आईपीएल शुगर मिल के प्रबंध निदेशक डॉ. पी.एस. गहलोत के मार्गदर्शन एवं आदेशानुसार संभव हो सकी है। उनके अथक प्रयासों से इंटर कॉलेज संचालन की अनुमति प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि भवन का नक्शा स्वीकृत होने के साथ ही टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है और निर्माण कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाया जा रहा है न्यू की खुदाई के बाद कार्य चल रहा है प्रस्तावित इंटर कॉलेज भवन आधुनिक शैक्षणिक सुविधाओं से युक्त होगा, जिसमें पर्याप्त कक्षा-कक्ष, विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की समुचित व्यवस्था की जाएगी। यूनिट हेड ने कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के क्षेत्रों में जाने की आवश्यकता से मुक्त करना है, ताकि उन्हें स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आईपीएल चीनी मिल इकाई सदैव क्षेत्र के सामाजिक एवं शैक्षिक विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है और यह परियोजना उसी संकल्प का सशक्त उदाहरण है। शुभारंभ कार्यक्रम में यूनिट के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यालय स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर बताया।


नवनिर्माण के लिए खोदी गयी नींव।

### सेहत के प्रति किया गया जागरूक

**पयागपुर, बहराइच।** जिला स्वास्थ्य समिति, बहराइच द्वारा 'राष्ट्रीय ओरल हेल्थ कार्यक्रम' के अंतर्गत आम जनमानस को मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए पयागपुर विकास खण्ड कार्यालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमे चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार, इस कार्यक्रम का उद्देश्य दांतों और मसूड़ों की बीमारियों को शुरुआती स्तर पर रोकना है। अभियान के तहत जारी जानकारी में विशेषज्ञ दंत चिकित्सक डॉ अजय सिंह ने बताया कि दांतों की सेहत सीधे हमारे संपूर्ण स्वास्थ्य से जुड़ी होती है। छोटे बच्चों के मसूड़ों की सफाई और 6 साल तक की उम्र के बच्चों की दांतों की सफाई माता-पिता की निगरानी में होना अनिवार्य है। दांतों की ऊपरी परत को सुरक्षित रखने के लिए खुरदरे मंजन और सख्त ब्रश के इस्तेमाल से बचने की सलाह दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने आगाह किया है कि मसूड़ों में सूजन, खून आना, सांसों में बदबू या दांतों में लगातार होने वाला दर्द गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है। ऐसे लक्षणों को नजरअंदाज न करते हुए तुरंत निकटतम सरकारी अस्पताल में दंत चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। कैम्प मे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर के चिकित्सक स्नेहलता वर्मा ,प्रियंका , संदीप,अनुराग सिंह ,महीप पांडेय,राजेश श्रीवास्तव,खुशबू तिवारी उपस्थित रही

### मंदिर से शिवलिंग चोरी

**इकौना ( श्रावस्ती ), अमृत विचार।** इकौना कस्बे के मोहल्ला तिलकनगर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को शिव मंदिर से शिवलिंग चोरी होने की घटना सामने आई है। सूचना पर पहुंची इकौना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इकौना थाना क्षेत्र इकौना अंतर्गत मोहल्ला तिलकनगर स्थित मॉर्निंग स्टार स्कूल से सामने वर्षों पुराना एक शिवलिंग का अर्घ था। इस पर 14 फरवरी से मोहल्लावासियों के सहयोग से जीर्णोद्धार कराकर शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजन कराया गया था। 16 फरवरी को विधिवत पूजा पाठ व भंडारा कार्यक्रम आयोजित कराकर शिवलिंग स्थापित किया गया था। मंगलवार रात करीब 11 बजे किसी अराजक तत्व ने मंदिर से शिवलिंग को चोरी कर लिया। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। मोहल्ला निवासी दुर्गा पांडेय, आलोक सिंह, अतुल सिंह, पवन पांडेय, रिंकू कश्यप ने बताया कि मंदिर का जीर्णोद्धार करके शिवलिंग की स्थापना कराई गई थी। सुरक्षा के लिए जाली का निर्माण भी कराया गया था, परंतु किसी अराजक तत्व ने शिवलिंग चोरी कर लिया। घटना की सूचना पर पहुंची इकौना पुलिस मामले की जांच पड़ताल की, समाचार लिखे जाने तक थाने पर कोई लिखित शिकायत नहीं की गई है।

### प्रा. विद्यालय मल्लव में वार्षिकोत्सव की धूम

**पयागपुर ( बहराइच )।** विकास खंड पयागपुर के ग्राम मल्लव स्थित प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से न केवल दर्शकों का मन मोहा, बल्कि राष्ट्रभक्ति और सामाजिक सरोकार का संदेश भी दिया समारोह के मुख्य अतिथि सुहेलदेव स्मारक समिति के अध्यक्ष यशवेंद्र विक्रम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को महाराजा सुहेलदेव जी के पराक्रम और उनके जीवन संघर्षों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि "शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में राष्ट्र प्रेम और अपने नायकों के प्रति सम्मान की भावना जगाना आवश्यक है।" उन्होंने विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए भविष्य में भी निरंतर सहयोग और प्रवास का आश्वासन दिया विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने धार्मिक नाटकों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक पेश की। विशेष रूप से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान पर आधारित भावपूर्ण कार्यक्रम ने उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया। समारोह में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष कन्दर्प मिश्रा, भाजपा जिला महामंत्री प्रमित शुक्ला, बृजेश कुमार तिवारी, अखिल मिश्रा, अभिषेक सिंह अंशु, सत्यम सिंह आदि रहे।

# अभिलेखों का रखरखाव व्यवस्थित करें

**संवाददाता, श्रावस्ती**

**अमृत विचार।** आईजी जोन गोरखपुर बुधवार भिनगा पहुंचे। यहां उन्होंने पुलिस कार्यालय में अधिकारियों व थाना प्रभारियों साथ बैठक की। बाद में उन्होंने नवीन मॉडन थाना कटरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सख्ती से अभिलेखों के रखरखाव को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

भिनगा पहुंचे आईजी जोन गोरखपुर मुथा अशोक जैन का एसपी राहुल भाटी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान उन्हें सम्मान गार्द ने सलामी दी। इसके बाडबुन्होने पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही सभागार में एसपी की उपस्थिति में राजपत्रित अधिकारियों व सभी थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा की। इस दौरान जिले में घटित प्रमुख अपराधों, उनके अनावरण, लंबित विवेचनाओं, अभियोजन की प्रगति तथा अपराध नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तृत समीक्षा की। गो तस्करी/गोवध, महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण व आगामी त्यौहारों होली, रमजान एवं चैत्र नवरात्रि के दृष्टिगत शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था, फ्लैग मार्च, पीस कमेटी बैठकों के आयोजन तथा संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व इण्डो-नेपाल बॉर्डर पर अवैध गतिविधियों की सतत निगरानी व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने साइबर अपराधों की रोकथाम, पंजीकृत अभियोगों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, सीसीटीएनएस के माध्यम से चिन्हित अपराधियों की प्रभावी निगरानी तथा गो-तस्करी से संबंधित मामलों में साक्ष्य संकलन की गुणवत्ता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। इसके बाद नवीन मॉडर्न थाना जाकर अभिलेखों का रखरखाव, थाना परिसर, सीसीटीएनएस कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, बंदीगृह, शस्त्रागार, मालखाना, आरक्षी बैरक एवं भोजनालय का निरीक्षण किया। इस दौरान भिनगा में एएसपी मुकेश चन्द्र उत्तम, सीओ भिनगा सतीश कुमार शर्मा, इकौना भरत पासवान, सहित थाना प्रभारी मौजूद रहे।


पुलिस कार्यालय में आईजी जोन का स्वागत करते एसपी। अमृत विचार

- **आईजी जोन गोरखपुर ने कटरा थाना का किया निरीक्षण**

# अतिक्रमण के चलते जाम से कराह रहा रूपईडीहा बाजार


बाजार में लगे जाम में फंसे राहगीर। अमृत विचार

**संवाददाता, रूपईडीहा (बहराइच)**

**अमृत विचार।** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रुपईडीहा में वैसे तो रुपईडीहा के जन मार्गों मे जाम की भयावह स्थिति बनी रहती है। परंतु बजाजा में तो दुकानदारों ने बुरी तरह अतिक्रमण कर रखा है। यहां के दुकानदारों ने नालियों का अस्तित्व ही खत्म कर दिया है।

लोगों के मुताबिक आधी आधी रोड पर दुकानदारों ने दोनो ओर सामान रख कर रोड ही जाम कर दे रहे हैं। जिससे आम आदमी का चलना ही दुश्वार हो गया है। यही हाल रामलीला चौक का है। यहां भी दुकानदारों ने रोड पर सामान रख दिया है। जिससे आवागमन ही सुबह से शाम तक बाधित हो जाया करता है। इस जन समस्या से नगर पंचायत, पुलिस व तहसील प्रशासन बेपरवाह है। इसके अतिरिक्त स्टेशन रोड, आजाद रोड, एनएच 927 व चकियारोड पर बेतरतीब ठेलों के कारण रोज जाम लगा रहता है। लोगों ने अतिक्रमण से निजात दिलाने की मांग की है।

**आयोजन**

**किसान हुंकार महापंचायत में किसान नेता ने सरकार पर लगाया आरोप, कहा-पड़ोसी देशों से खराब हो चुके हैं संबंध**

# देश के किसानों को बर्बाद करने पर तुली है सरकार : राकेश टिकैत

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार।** नगर के दरगाह इलाके में स्थित गल्लामंडी प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन की ओर से आयोजित किसान हुंकार महापंचायत में किसान नेता राकेश टिकैत शामिल हुए इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश के किसानों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि भारत व अमेरिका के बीच व्यापार समझौते से देश में सब्सिडी व बिना टैरिफ के आने वाले समानों से देश के किसानों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इसलिए इसे रोकने के लिए बड़ा आंदोलन करना होगा।


रूपईडीहा में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे किसान नेता राकेश टिकैत व मौजूद अन्य।

मोहन भागवत की ओर से हिंदुओं को तीन बच्चे करने के बयान पर महापंचायत में टिकैत ने कहा कि हम तो जनसंख्या नियंत्रण बिल की मांग करते हैं। हम लोगों को भी बच्चों की संख्या बढ़ाने के बारे में सोचना होगा नहीं तो आने वाले समय में स्थिति काफी खराब हो जाएगी, लेकिन इन लोगों को जनसंख्या बढ़ाने में ही फायदा नजर आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ये सरकार सिर्फ हिंदू-मुस्लिम करती है, आज के समय में पड़ोसी देशों से हमारे सम्बन्ध खराब हो चुके हैं, किसान नौजवान सभी परेशान हैं ये लोग स्कूल न खोल सिर्फ शराब की दुकानें खोल रहे हैं। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम कुमार वर्मा, पयागपुर के पूर्व विधायक व सपा नेता मुकेश श्रीवास्तव , किसान नेता चंद्रशेखर सिंह आजाद, श्रावस्ती के जिला अध्यक्ष अजीत चौधरी समेत बड़ी किसान मौजूद रहे ।

**रूपईडीहा में टिकैत ने किया रात्रि प्रवासः** गुरुवार को बहराइच में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत में शामिल होने भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश टिकैत, सीमावर्ती कस्बा रूपईडीहा में मंडल उपाध्यक्ष साधु शरण वर्मा के आवास पर रात्रि प्रवास किया। उनके आगमन पर स्थानीय किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया तथा संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। रात्रि प्रवास के दौरान पत्रकारों से बातचीत में टिकैत ने कहा कि बहराइच में होने वाली किसान महापंचायत में किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अमेरिका-भारत के बीच संभावित व्यापार समझौते का किसानों पर पड़ने वाले प्रभाव, इस वर्ष सरकार द्वारा गन्ने के मूल्य में 50 रुपये की वृद्धि तथा एमएसपी गारंटी कानून की मांग जैसे मुद्दे महापंचायत के प्रमुख एजेंडे में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा के लिए संगठन लगातार संघर्ष कर रहा है और महापंचायत के माध्यम से आगे की रणनीति तय की जाएगी। टिकैत के रूपईडीहा पहुंचने पर संगठन के तहसील महासचिव एडवोकेट मोहम्मद अयूब ने सैकड़ों समर्थकों के साथ पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस मौके पर मोहम्मद कौशर, सिराज अहमद, शरीफ अहमद, शब्बीर अहमद, राज बाबू, सनी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय किसान नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

